दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। रविवार 18 अगस्त -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 309 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## कोलकाता रेप-मर्डर केस: डॉक्टरों ने की 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल




**नई दिल्ली।** कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस के विरोध में डॉक्टरों की 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल शनिवार से शुरू हो गई है। भारतीय चिकित्सा संघ की ओर से इसका अह्वान किया गया है। आईएमए का कहना है कि हड़ताल के दौरान कोई नियमित ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी नहीं होगी। 24 घंटे तक चलने वाले विरोध-प्रदर्शन के दौरान सभी आवश्यक सेवाएं जारी रहेंगी और घायलों की देखभाल की जाएगी।

**आईएमए ने सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की :** आईएमए ने इस घटना को लेकर डॉक्टरों के 24 घंटे के हड़ताल पर जाने की घोषणा के साथ ही पांच मांगें भी रखी हैं। इनमें प्रमुख रूप से रेजिडेंट डॉक्टरों के काम करने और रहने की स्थिति में व्यापक बदलाव और कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य पेशेवरों के खिलाफ हिंसा की जांच के लिए एक केंद्रीय कानून बनाने की मांग शामिल है।

**देशभर में डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च :** इस घटना के विरोध में तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में शुक्रवार (16 अगस्त 2024) को सैकड़ों डॉक्टरों ने मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं एम्स ऋषिकेश के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने विरोध में मार्च निकाला। इस घटना को लेकर इंदौर के डॉक्टरों में भी गुस्सा दिखा। यहां भी डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने शुक्रवार रात (16 अगस्त 2024) को कैंडल मार्च निकाला।





स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार

ई-पेपर की विशेषताएं

फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर

अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा

कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार

खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन

खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा




रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...
राष्ट्रीय
नई दिल्ली, रविवार
18 अगस्त-2024


# कोलकाता रेप-मर्डर केस, केंद्र बोला: डॉक्टर हड़ताल खत्म करें

## सुरक्षा के लिए कमेटी बनाएंगे, आईएमए ने 24 घंटे के लिए काम रोका

**नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर की घटना के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल का शनिवार को 8वां दिन है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (क्टअ) ने भी 24 घंटे के लिए अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रखने की बात कही है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टर्स से हड़ताल खत्म करने को कहा है। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा- डॉक्टरों की मांग को लेकर कमेटी बनाई जाएगी। सुरक्षा के लिए राज्य सरकारों से भी सुझाव मांगे जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्रालय के इस फैसले के पहले क्टअ चीफ ने शनिवार को कहा- इमरजेंसी सेवाएं छोड़कर अस्पतालों में कामकाज बंद है। हमारी मांग है कि डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। हमने ऐसा कुछ नहीं मांगा जो सरकार नहीं कर सकती है। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद क्टअ ने देशभर में प्रदर्शन का फैसला किया था।







**हड़ताल का देशभर में असर**

- राजस्थान में जोधपुर में सबसे ज्यादा प्रदर्शन, 200 ऑपरेशन टाले गए राजस्थान के जोधपुर में शनिवार को रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने से एमडीएम हॉस्पिटल, एम्स, महात्मा गांधी हॉस्पिटल और उम्मेद हॉस्पिटल में प्लान किए गए करीब 200 ऑपरेशन को टाल दिया गया है। हॉस्पिटल में भर्ती व इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की जिम्मेदारी सीनियर डॉक्टर्स पर आ गई है।
- कर्नाटक में सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां सस्पेंड आईएमए की हड़ताल को लेकर कर्नाटक सरकार ने सरकारी अस्पतालों के चिकित्सा अधिकारियों और सर्जनों की छुट्टियां सस्पेंड कर दीं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित न होनी चाहिए, जिससे लोगों को परेशानी हो।
- मध्य प्रदेश में सैकड़ों रेजिडेंट डॉक्टरों ने काम बंद किया भोपाल में एम्स सहित मध्य प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में सैकड़ों रेजिडेंट डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया। इससे राज्यभर में मेडिकल सेवाओं पर असर देखने को मिला। कई अस्पतालों में मरीजों को बिना इलाज के छोड़ दिया गया।सेवाएं ठप हैं। सिर्फ इमरजेंसी रखा गया है।
- दिल्ली में 5 दिन में 1 लाख से ज्यादा मरीजों को नहीं मिला इलाज दिल्ली में सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर की हड़ताल को 5 दिन हो गए हैं। हड़ताल के चलते दिल्ली में रोजाना करीब एक लाख से अधिक मरीजों को उपचार के बिना अस्पतालों से लौटना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, डॉक्टरों की काम रोको हड़ताल के चलते रोजाना लगभग 250 से 300 सर्जरी भी नहीं हो पा रही हैं।

**आईएमए चीफ बोले:** हम जीवन के अधिकार की मांग कर रहे हैं। यह मौलिक अधिकार है। हम प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे। मामले में उन्हें हस्तक्षेप करना चाहिए। 15 अगस्त की स्पीच में महिलाओं की सुरक्षा की बात कही थी। आईएमए के समर्थन में बांग्लादेश की ढाका यूनिवर्सिटी के मेडिकल छात्र भी प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने ट्रेनी डॉक्टर को न्याय मिलने और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलने की मांग रखी है। उखकदीवाई चंद्रचूड़ को सुप्रीम कोर्ट के दो वकीलों ने चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि कोलकाता वाली घटना से देश की आत्मा पर हमला हुआ है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार ने अलग-अलग कॉलेज के 42 प्रोफेसर्स का तबादला किया। इनमें आरजी कर मेडिकल कॉलेज के 2 प्रोफेसर्स डॉ. संगीता पॉल और डॉ. सुप्रिया दास भी हैं।

## मायावती का बंगाल सरकार पर हमला, कहा- कोलकाता की घटना को धार्मिक रंग दे रही टीएमसी



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कोलकाता दुष्कर्म व हत्याकांड को लेकर बंगाल की तृणमूल सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मामले को धार्मिक रंग दिया जा रहा है जबकि असली दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को कहा कि बंगाल में लेडी डाक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर की जघन्य वारदात से पूरा देश चिन्तित व आक्रोशित है फिर भी तृणमूल कांग्रेस सरकार अपने बचाव में इसे धार्मिक व राजनैतिक रंग देने में लगी है। वहीं विपक्ष भी इस मामले में कम नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामले के दोषियों को सख्त सजा व पीड़ित परिवार को न्याय कैसे मिले इसकी चिन्ता जरूरी है। मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप आदि को त्याग कर असली दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आगे आना होगा। पीड़ित परिवार ने मुआवजा नहीं लेने व न्याय की बात कही है। उनकी पीड़ा व घटना को लेकर इंसाफ के तकाजे पर सभी को गंभीर होने की जरूरत है। इस घटना को लेकर डाक्टरों व मेडिकल छात्रों का आन्दोलन भी अपनी जगह सही है लेकिन इस दौरान गरीब मरीजों के इलाज की तरफ भी जरूर ध्यान दिया जाए तो यह उचित होगा साथ ही सरकारी अस्पतालों व डाक्टरों की भी सुरक्षा व सम्मान का विशेष ध्यान रखें।

## 69000 शिक्षक भर्ती: डिप्टी सीएम केशव बोले- कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य

### मायावती ने सरकार पर उठाए सवाल



**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बसपा सुप्रीमो मायावती ने बयान दिया है। उप मुख्यमंत्री केशव ने फैसले को सामाजिक न्याय की दिशा में सही कदम बताया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण के नियमों का पालन न करने पर सरकार को तीन महीने में नई सूची बनाने का निर्देश दिया है और पुरानी सूची को रद्द कर दिया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हाईकोर्ट के इस फैसले को स्वागत योग्य बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भर्ती में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला सामाजिक न्याय की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। यह उन पिछड़ा व दलित वर्ग के पात्रों की जीत है जिन्होंने अपने अधिकार के लिए लंबा संघर्ष किया। उनका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं।

वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने कोर्ट के फैसले को लेकर योगी सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि फैसला ये साबित करता है कि सरकार ने अपना काम निष्पक्षता और ईमानदारी से नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यूपी में सन 2019 में चयनित 69,000 शिक्षक अभ्यार्थियों की चयन सूची को रद्द करके तीन महीने के अन्दर नई सूची बनाने के हाईकोर्ट के फैसले से साबित है कि सरकार ने अपना काम निष्पक्षता व ईमानदारी से नहीं किया है। इस मामले में खासकर आरक्षण वर्ग के पीड़ितों को न्याय मिलना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि वैसे भी सरकारी नौकरियों की भर्तियों में पेपर लीक आदि के मामले में यूपी सरकार का रिकार्ड भी पाक-साफ नहीं होने पर यह काफी चचाओं में रहा है। अब सहायक शिक्षकों की सही बहाली नहीं होने से शिक्षा व्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ना स्वाभाविक है। सरकार इस ओर जरूर ध्यान दे। हाईकोई के इस फैसले से पहले से चयनित सहायक प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है। हाईकोर्ट ने पुरानी सूची रद्द कर अगले तीन महीनों में नई सूची जारी करने का निर्देश दिया है।

## 5000 करोड़ का है मुडा घोटाला, निष्पक्ष जांच के लिए इस्तीफा दें सीएम', सिद्धारमैया पर हमलावर भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 'कर्नाटक की कांग्रेस सरकार शायद इस देश के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है और लूट और झूठ को इन्होंने अपना प्राथमिक एजेंडा बना लिया है। सरकार के हर विभाग को लूटा जा रहा है।' कर्नाटक के राज्यपाल द्वारा कथित टवऊअ घोटाले में सीएम सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति दिए जाने पर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस जहां केंद्र सरकार पर राज्य सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगा रही है। वहीं भाजपा सीएम पर हमलावर है और उनसे इस्तीफे की मांग कर रही है।

### 'विपक्षी गठबंधन के नेता संविधान का अपमान कर रहे'

भाजपा ने कर्नाटक के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा नेताओं ने कर्नाटक सरकार और सीएम सिद्धारमैया पर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के



दौरान भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा, 'विपक्षी गठबंधन सरकार और उसके नेता संविधान का अपमान कर रहे हैं। यह पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में देखा जा सकता है। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सीएम सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। टवऊअ भूमि घोटाला कुछ दिन पहले ही उजागर हुआ था। लोगों ने राज्यपाल को एक याचिका देकर सीएम पर मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी। राज्यपाल ने पहले सरकार से जानकारी मांगी थी, लेकिन जब वे उनके तथ्यों और तर्कों से संतुष्ट नहीं हुए, तो उन्होंने सीएम के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी।'

### '5000 करोड़ का है घोटाला'

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'कर्नाटक की कांग्रेस सरकार शायद इस देश के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है और लूट और झूठ को इन्होंने अपना प्राथमिक एजेंडा बना लिया है। सरकार के हर विभाग को लूटा जा रहा है। मुडा घोटाला 5,000 करोड़ रुपये का घोटाला है, जिसमें महंगी जमीनें मुख्यमंत्री की पत्नी, मुख्यमंत्री के मित्रों और सहयोगियों को बांटी गई और मुख्यमंत्री ने अपने हलफनामे में इसका खुलासा भी नहीं किया। सीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए ताकि मामले में निष्पक्ष जांच हो सके।

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि 'भाजपा और कई कार्यकर्ता सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और ईमानदारी के लिए लड़ रहे हैं, और अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाते रहे हैं। सीएम के खिलाफ आरोप इतने गंभीर हैं कि सीएम सिद्धारमैया के नेतृत्व में कर्नाटक सरकार ने एक व्यक्ति जांच आयोग नियुक्त किया, बाद में, सीएम और कर्नाटक सरकार ने इन आरोपों की जांच के लिए एक और आयोग नियुक्त किया। अब, कांग्रेस का तर्क है कि अभियोजन के लिए मंजूरी देने की राज्यपाल की कार्रवाई राजनीतिक है, जो सही नहीं है।'

### 'सीएम को निष्पक्ष जांच के लिए इस्तीफा देना चाहिए'

भाजपा सांसद ने कहा कि आरोपों की प्रकृति बहुत गंभीर है। ऐसे में निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए सीएम को पद से इस्तीफा देना चाहिए। हमें उम्मीद है कि सीएम नैतिक जिम्मेदारी लेंगे और निष्पक्ष जांच के लिए इस्तीफा देंगे।' केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा, 'राज्यपाल ने कानूनी रूप से अभियोजन की अनुमति दी है। सिद्धारमैया दो मामलों में दोषी हैं। वाल्मीकि विकास निगम में, उन्होंने खुद विधानसभा में स्वीकार किया कि यह भ्रष्टाचार 187 करोड़ रुपये नहीं बल्कि 89 करोड़ रुपये का है। यह पैसा कांग्रेस पार्टी के चुनाव खर्च के लिए तेलंगाना गया। दूसरा मैसूर में टवऊअ घोटाला है, जहां उनकी पत्नी ने अवैध रूप से 14 साइट पर कब्जा कर लिया।

## न्यूज डायरी

### वाराणसी पहुंचे अखिलेश यादव ने शिक्षक भर्ती में कोर्ट के फैसले का किया स्वागत, उपचुनाव में किया जीत का दावा

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने शिक्षक भर्ती मामले पर कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। साथ ही आगामी उपचुनाव में अपनी जीत का भी दावा किया। कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। यहां पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। अखिलेश यादव ने इसे शिक्षक अभ्यर्थियों की संयुक्त जीत बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।



उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''69000 शिक्षक भर्ती भी आखिरकार भाजपाई घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार की शिकार साबित हुई। यही हमारी मांग है कि नए सिरे से न्यायपूर्ण नई सूची बने, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष नियुक्तियां संभव हो सके और प्रदेश में भाजपा काल मे बाधित हुई शिक्षा-व्यवस्था पुनः पटरी पर आ सके। हम नई सूची पर लगातार निगाह रखेंगे और किसी भी अभ्यर्थी के साथ कोई हकमारी या नाइंसाफी न हो, ये सुनिश्चित करवाने में कंधे-से-कंधा मिलाकर अभ्यर्थियों का साथ निभाएंगे। ये अभ्यर्थियों की संयुक्त शक्ति की जीत है। सभी को इस संघर्ष में मिली जीत की बधाई और नव नियुक्तियों की शुभकामनाएं!'' दरअसल, यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती का मामला लंबे समय से चल रहा था। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए इस भर्ती की मेरिट लिस्ट को रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने 3 महीने के भीतर नई मेरिट लिस्ट जारी करने का भी आदेश दिया।

### आसाराम जेल से बाहर आया... दहशत में पीड़िता का परिवार



**शाहजहांपुर।** जोधपुर हाईकोर्ट से 7 दिन की पैरोल मिलने के बाद आसाराम जेल से बाहर आ गया है। इसको लेकर शाहजहांपुर में दुष्कर्म पीड़िता का परिवार दहशत में है। पीड़िता के पिता ने कहा- जब आसाराम जेल में था, तब उसने 2 गवाहों की हत्या करा दी थी। आसाराम के अनुयायियों ने उन्हें धमकी भरे पत्र भेजे। परिवार को बदनाम करने की साजिश रची। आसाराम के जेल में रहते हुए उनके परिवार को धमकाया गया था। अब जब वह बाहर आ चुका है, तो परिवार की सुरक्षा की चिंता और बढ़ गई है। पिता ने एसपी से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। अभी परिवार की सुरक्षा में एक गनर और तीन पुलिसकर्मी तैनात हैं।

'पुलिस वाले सही से ड्यूटी नहीं करते' पीड़िता के पिता ने कहा- जिन सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है, वह अपनी ड्यूटी सही से नहीं करते हैं। पुलिस वाले सुबह 11.00 बजे आते हैं और शाम 6.00 बजे चले जाते हैं। इस दौरान भी वह सही से ड्यूटी नहीं करते। कागजों में पूरी पुलिस गारद की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस वाले मनमाने ढंग से ड्यूटी करते हैं। उन्होंने सुरक्षा को लेकर शाहजहांपुर एसपी अशोक मीणा से बात की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया। लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

## बिहार में लड़की से रेप और हत्या मामले में आरोपी के घर बुलडोजर लेकर कुर्की जब्ती करने पहुंची पुलिस

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक लड़की से रेप और उसके बाद उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस अब एक्शन में है। पुलिस शनिवार को कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी संजय यादव के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची। इस दौरान पुलिस बुलडोजर भी ले गई। कोर्ट के द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कुर्की जब्ती के लिए पुलिस की टीम संजय के घर पहुंची। इस दौरान बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) के कार्यकर्ता के साथ-साथ भीम आर्मी के कार्यकताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देते हुए समझा-बुझाकर कुर्की की प्रक्रिया शुरू की।इस मामले में मुख्य आरोपी बनाए गए संजय यादव को पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है। मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया, बीते दिन पारु थाना क्षेत्र में एक



किशोरी की हत्या का मामला सामने आया था। इसमें मुख्य आरोपी संजय यादव के खिलाफ न्यायालय से विधिवत कुर्की की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। जिसका कल डुगडुगी बजाकर इश्तहार चिपकाया गया था। अभी कुर्की की कारवाई जारी है। उन्होंने कहा, पुलिस की तीन विशेष टीम मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए लगी हुई है। अभी आरोपी के घर कुर्की की प्रक्रिया चल रही है। मृतका की मां ने इस घटना में सामूहिक दुष्कर्म की आशंका जताई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस मामले को लेकर अब राजनीति भी खूब हो रही है। शनिवार को बिहार के मंत्री जनक राम भी पीड़ित परिवार से मिलने मुजफ्फरपुर पहुंचे थे।

## दिल्ली विद्युत बोर्ड के 20 हजार से अधिक पेंशनर्स अब उठा सकेंगे कैशलेस मेडिकल सुविधाओं का लाभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड के रिटायर्ड पेंशनरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्हें पैनल अस्पतालों पर कैशलेस सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई है। बिजली मंत्री आतिशी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशनरों को मेडिकल रिम्बर्समेंट के लिए अब दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। पैनल अस्पतालों में उन्हें कैशलेस मेडिकल सुविधा मिलेगी। दिल्ली सरकार के इस फैसले से दिल्ली विद्युत बोर्ड के 20 हजार से अधिक पेंशनरों को लाभ मिलेगा। इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन एक से दो दिन के अंदर जारी होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा पेंशनर्स की मुश्किलों को दूर किया है। पहले पेंशन को स्ट्रीम लाइन किया, अब वादा निभाते हुए कैशलेस मेडिकल सुविधाएं दी है। साल 2002 में दिल्ली के पावर सेक्टर में बड़ा रिफार्म हुआ था। दिल्ली



विद्युत बोर्ड से बिजली सेक्टर की अलग-अलग सेक्टर की इकाइयां बनाई गई थीं, इसमें दिल्ली सरकार की बिजली जनरेशन कंपनियां, ट्रांसमिशन कंपनी दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड और 3 डिस्कॉम दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में पावर डिस्ट्रीब्यूशन का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि, जब दिल्ली विद्युत बोर्ड की अनबंडलिंग की गई, तो जो सरकारी कर्मचारी उस समय दिल्ली विद्युत बोर्ड में काम कर रहे थे, उन्हें सभी सुविधाएं देने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार ने ली थी। लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण था कि जो सरकारी कर्मचारी रिटायर हुए, उनमें से कई कर्मचारियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इन्हें समय से पेंशन नहीं मिलती थी और बाकी सुविधाएं भी नहीं मिलती थी।

मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशनर्स रिटायरमेंट के बाद मेडिकल सुविधाओं का लाभ लेते थे, लेकिन उन्हें रिम्बर्समेंट की मुश्किल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। ये प्रक्रिया दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशन ट्रस्ट के माध्यम से होती थी। साल 2015 में जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे, तब पेंशनर्स ने उनके सामने इस समस्या को रखा था। सीएम अरविंद केजरीवाल ने मुझे निर्देश दिए थे कि कोई ऐसा सिस्टम बनाया जाए ताकि इन पेंशनर्स को अपने मेडिकल बिल रिम्बर्समेंट के लिए भटकना न पड़े। मुझे इस बात की खुशी है कि तब से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली विद्युत बोर्ड के सभी पेंशनर्स के सिस्टम को स्ट्रीमलाइन किया गया और सभी जरूरतों को पूरा किया गया है।

## बादल फटने से नोगली-तकलेच सड़क का 30 मीटर हिस्सा ध्वस्त

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश का कहर जारी है। राज्य में शनिवार सुबह 10:00 बजे तक भूस्खलन से एक नेशनल हाईवे व 132 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप थी। इसके अतिरिक्त 1235 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। राज्य में 10 जल आपूर्ति योजनाएं भी बाधित चल रही हैं। शिमला, ऊना, मंडी, कुल्लू व हमीरपुर जिले में सबसे ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। सड़कें, बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। दुकानों और मकानों को खाली करवाया रामपुर उपमंडल के डमराली नाले में शुक्रवार रात करीब 8:00 बजे बादल फटने से नाले का जलस्तर बढ़ने से नोगली-तकलेच सड़क का करीब 30 मीटर हिस्सा ध्वस्त हो गया। प्रशासन ने नोगली खड्ड के नजदीक अलर्ट जारी कर दिया है। नोगली बाजार की कुछ दुकानों और मकानों को खाली करवा



दिया गया है। खड्ड के किनारे के लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। छह पंचायतों में बिजली गुल है। टावर को नुकसान पहुंचने से मोबाइल सिग्नल भी नहीं है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची है। देर रात उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी नोगली पहुंचे। उपायुक्त ने डमराली में फटे बादल से नाले में बढ़े पानी की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि इस घटना से अभी तक जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। कहा कि जिला प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। डमराली और तकलेच में बादल फटने से देर शाम को भारी बारिश हुई।

इससे तकलेच के ऊपर वाले हिस्से डमराली में बादल फटने से पानी का सैलाब साथ लगते नाले में आ गया। तकलेच वासियों ने इस नाले की गड़गड़ाहट साफ सुनी। लोग दहशत में घरों से बाहर निकल गए। एसडीएम निशांत तोमर ने बताया कि मौके पर टीम नहीं पहुंच पाई है क्योंकि एक जगह से सड़क टूट गई है। लेकिन स्थानीय पंचायत प्रधान से फोन पर बात हुई है। उन्होंने किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की सूचना से इंकार किया है।

### धुंधी के पास मनाली-लेह हाईवे पर भूस्खलन, सड़क धंसी

उधर, धुंधी के पास भूस्खलन के कारण मनाली-लेह हाईवे यातायात के लिए बाधित हो गया है। प्रशासन ने सोलंगनाला में ही वाहनों को रोक दिया है। बीआरओ की मशीनरी सड़क बहाल करने के लिए लगाई गई है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि वाहनों को सोलंगनाला में रोका गया है। हालांकि अपातकालीन वाहनों को चलाने की अनुमति दी जा रही है। उन्होंने यात्रियों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## लोकसभा चुनाव के नतीजों से तिलमिलाई है भाजपा, सपा कार्यकर्ताओं पर बना रही दबाव: सांसद डिंपल यादव

**मैनपुरी।** मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव शनिवार को सपा नेता अब्दुल नईम के घर पहुंची। उन्होंने पिछले दिनों अब्दुल नईम के मैरिज होम पर हुई बुलडोजर की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी। सांसद डिंपल यादव ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के परिणाम से भाजपा तिलमिला उठी है। इसलिए इस तरह की कार्रवाई कर रही है। योगी सरकार के लोग हीन भावना के साथ काम कर रहे हैं। सरकार के लोग जनता के काम की अनदेखी कर रहे हैं। ये लोग सपा कार्यकताओं पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सपा नेता अब्दुल नईम के साथ हीन भावना के तहत बुलडोजर की कार्रवाई की गई थी। उन्होंने कहा कि अधिकारी खुद यूपी सरकार के दबाव में आकर काम कर रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे कार्यकताओं का मनोबल सरकार की कार्रवाई से नहीं टूटेगा। सपा कार्यकर्ताओं पर लगातार हो रही कार्रवाई को हम रोकने का प्रयास करेंगे।



डिंपल यादव ने कहा कि 2024 लोकसभा के नतीजों के बाद से भाजपा तिलमिला उठी है। ये लोग अब तैयार रहें, क्योंकि उनके सत्ता से जाने का समय नजदीक आ गया है। उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बीते महीने सपा नेता अब्दुल नईम की पत्नी के मैरिज होम पर बुलडोजर की कार्रवाई की थी।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 ● नई दिल्ली।। रविवार 18 अगस्त-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पुलिस भर्ती परीक्षा कमिश्नरेट पुलिस और अधिकारियों ने बनाया प्लान

## हर केंद्र पर लगेगा कैमरा और पेपर व पुस्तिका भी रहेगी सुरक्षा घेरे में

**23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को होनी है 2023 की लिखित पुनःपरीक्षा**

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा दोबारा से इसी माह आयोजित होनी है।23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त 2024 को खुली भर्ती के लिए परीक्षा होगी। शनिवार को परीक्षा नकलविहीन और बिना किसी रूकावट के करने के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कल्पना सक्सेना ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। वहीं आगामी परीक्षा तिथियों को लेकर पुलिस के अधिकारियों को एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए हैं।इसके साथ ही सुरक्षा का पूरा खाखा भी बनाया गया है। परीक्षा के प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे। तो परीक्षा होने के बाद उनकी पुस्तिकाओं को भी सुरक्षा के घेरे में लेकर जाया जाएगा। वहीं पुनः परीक्षा के संबंध में सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तय कर दिए गए हैं। वहीं अधिकारियों द्वारा पुलिस परीक्षा ड्यूटी में शामिल होने वाले अधिकारियों को पुस्तिका भी वितरित कर दी गई हैं ताकि किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।



### पुलिस परीक्षा संपन्न कराने वाले पुलिसकर्मी ड्यूटी का करेंगे रिहर्सल

करंट क्राइम : शनिवार को जीजीआईसी विजयनगर में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद कल्पना सक्सेना की अध्यक्षता में नागरिक पुलिस आरक्षी पदों के लिए सीधी भर्ती की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही आईपीएस कल्पना सक्सेना ने कहा है की परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारी अपनी निर्देश पुस्तिका को ध्यान से पढ़ ले, यदि कोई समस्या है तो पूछ सकते हैं। साथ ही इसको सकुशल संपन्न कराने के लिए एक बार इसका रिहर्सल भी अवश्य किया जाए।




### सुरक्षा का रहेगा पर्याप्त प्रबंध, कैमरों से होगी निगरानी



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि शनिवार को हुई बैठक के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, केंद्रीय ऑब्जर्वर अमित कुमार, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, सहायक पुलिस आयुक्त प्रियाश्री पाल, सहायक पुलिस आयुक्त सलोनी अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेश शर्मा, शंभू दयाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, जीजीआईसी प्रधानाचार्य विभा चौहान सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी है कि प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं ले जाते समय पुलिस साथ में मौजूद रहेगी। साथ ही हर परीक्षा केंद्र और प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका रखने वाले स्थानों पर भी कैमरा लगाया गया है। साथ ही वहां बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती भी की गई है।



### परीक्षा को करेंगे नकलविहीन : जिलाधिकारी



करंट क्राइम : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है की परीक्षा से संबंधित कोई भी कार्य निर्देश पुस्तिका के अनुसार ही करना है। उसमें किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका में दिए अपने दायित्व को ध्यान से पढ़ना है, समझना है, याद रखना है। उसका स्थलीय पूर्व अभ्यास करते हुए पालन करना है। इसके अतिरिक्त परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता नकलविहीन और शांतिपूर्वक भी संपन्न करनी है।

### छात्रों को मिलेगी निशुल्क बस सेवा



करंट क्राइम : परिवहन निगम की रोडवेज बसों में पुलिस भर्ती अभ्यर्थी निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। 22 अगस्त से एक सितंबर तक यह सुविधा मिलेगी। इसके लिए परिवहन निगम ने सभी डिपो को आदेश जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र देकर निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक केसरी नंदन ने बताया कि 23 अगस्त से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए 22 अगस्त से अभ्यर्थी आने लगेंगे। परीक्षा 31 अगस्त तक चलेंगी। अभ्यर्थियों के लिए 22 से 26 अगस्त और 29 अगस्त से एक सितंबर तक बसों में निशुल्क सेवा रहेगी। नोडल अधिकारी गौरव पांडेय ने अधिकारियों के साथ बैठक कर किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। एआरएम शिव बालक ने बताया कि जरूरत पर दूसरे रीजन से बसें मंगाई जाएंगी। इस दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर दी गई हैं।

# निगम में पिला दी है किसी ने ऐसी घुट्टी

## चीफ इंजीनियर चले गए एक महीने की छुट्टी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम में भले ही फूल वालों का बहुमत है लेकिन यहां तूल उन बातों को लेकर दिया जा रहा है जो बैठकर सुलझ सकती हैं। शनिवार को फिर ऐसा हो गया कि भाजपा पार्षद से नोकझोक के बाद चीफ इंजीनियर छुट्टी पर चले गए। बताते हैं कि मामला सड़क को लेकर था और फूल वाले पार्षद चाहते थे कि फाइल पास हो जाए। चीफ साहब इस मामले में एज-पर-रूल आ गए और सीन कड़क हो गया।

सूत्र बताते हैं कि मामला पार्षद के वार्ड की दीवार से जुड़ा है। वो प्राइवेट जमीन पर सरकारी खर्च से सड़क बनवाने का प्रयास कर रहे थे। चीफ इंजीनियर चूंकि जीडीए में भी रहे हैं और उन्हें उस जमीन की पूरी जानकारी थी। यहां पर नियमों को लेकर बात हुई और चीफ इंजीनियर ने स्पष्ट कर दिया कि यह काम नहीं हो पाएगा। इसके बाद बताते हैं कि भाजपा पार्षद भी रुष्ट हो गए और बताया जाता है कि उनकी भाषा अशिष्ट हो गई। इस बात का चीफ इंजीनियर ने विरोध किया और आई विटनेस बता रहे हैं कि अफसर ने साफ कह दिया कि मैं यहां आपकी गाली सुनने के लिए नहीं बैठा हूं। सूत्र बताते हैं कि फिर निर्माण विभाग वाले अधिकारी सीधे महकमे के बड़े अधिकारी के पास गए। उन्हें पूरा मामला बताया और स्टोरी में मोड़ तब आ गया जब नगर निगम के चीफ इंजीनियर एक महीने की छुट्टी पर चले गए। वो अपने साथ हुए बर्ताव को लेकर नाराज थे। निगम के सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा के यह पार्षद जिस जमीन पर सड़क का निर्माण चाहते, वह जमीन निजी है। फाइल में स्टाइल कुछ ऐसा हो गया कि साहब गुड फेथ में थे और अधिनस्थों ने साहब को पूरी हकीकत बता दी। दीवान फार्म से जुड़े इस मामले की गूंजी शनिवार को नगर निगम में रही।




### चर्चा में रहा नाक रगड़वाने वाला ऑडियो

नगर निगम में जहां चीफ इंजीनियर के लंबी छुट्टी पर जाने का मामला चर्चा में रहा वहीं एक ऑडियो को लेकर भी चर्चा रही। इस ऑडियो में विपक्षी दल के पार्षद के रिश्तेदार की किसी से बात हो रही है। वो अपने वार्ड में मैनहॉल बनवाने की बात कर रहे हैं और उधर से आवाज आ रही है कि यह काम अब वबाग के हाथ में चला गया है। यहां तक तो ठीक है लेकिन इस ऑडियो में धमाका तब होता है जब काम करवाने वाले की ये आवाज गूंजती है कि अगर मैंने फूल वालों की नाक न रगड़वा दी तो मेरा नाम भी .....

# गाजियाबाद में दिखा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की हड़ताल का असर

## निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीज हुए परेशान, नहीं मिला उपचार



### कोलकात्ता में ट्रेनिंग महिला डॉक्टर की हत्या का नजर आया विरोध



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कोलकात्ता में ट्रेनिंग महिला डॉक्टर की हत्या को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से शनिवार को अस्पताल और ओपीडी बंद का आवाहन किया गया था। जिसका गाजियाबाद में शनिवार को मिलाजुला असर देखने को मिला। गाजियाबाद में अधिकांश निजी और सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा बंद रखी। तो मरीजों को उपचार हासिल करने के लिए परेशान होना पड़ा। वहीं उनके तीमारदार भी इधर-उधर भटकते देखे गए। डॉक्टरों के विरोध प्रदर्शन और हड़ताल के ऐलान के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के प्रमुख अस्पतालों और निजी अस्पतालों के बाहर पुलिस भी तैनात की गई थी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चिकित्सकों का धरना-प्रदर्शन और हड़ताल वाला सीन शांतिपूर्वक बीता। इस दौरान आईएमए के पदाधिकारियों द्वारा एडीएम सिटी गंभीर सिंह को ज्ञापन सोपा गया है। उन्होंने मांग की है कि उनको भी सरकारी अधिकारियों की तरह सुरक्षा प्रदान की जाए। देश में डॉक्टरों की संख्या प्रतिदिन कम हो रही है। ऐसे में उनपर जानलेवा हमले और हत्याएं उनके प्रोफेशन में आने वाले युवाओं को परेशान कर रहा है।



### बंद रहे क्लीनिक और अस्पताल, कहीं मिले ताले, तो कहीं चिपका था पर्चा

करंट क्राइम : गाजियाबाद के अधिकांश सरकारी और निजी अस्पतालों में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले एक दिन का कार्य बहिष्कार का जो कार्यक्रम किया गया था उसका असर देखने को मिला। पुराने बस अड्डे पर बने अधिकांश अस्पताल और क्लिनिक सुबह से ही बंद थे। उनके मुख्य द्वार पर ताले नजर आए, तो कई अस्पतालों के बाहर कार्य बहिष्कार के पर्चे भी लगाए गए। कुल मिलाकर शनिवार को सुबह 6 बजे से लेकर देर शाम तक ओपीडी सेवाएं और अन्य कार्य बहिष्कार का जो ऐलान किया गया था वह देखने को मिला। ओपीडी सेवा बंद होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ा और चेकअप कराने और इलाज के लिए भी इधर-उधर भटकना भी पड़ा।

### चिकित्सकों ने कहा हमारी महिलाओं की सुरक्षा बेहद आवश्यक

करंट क्राइम : शनिवार को डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधी और काम नहीं किया। इस दौरान एटीएम सिटी गंभीर सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैनर तले दिए गए इस ज्ञापन में मांग की गई है कि महिलाओं की सुरक्षा का विषय बेहद चिंताजनक होता जा रहा है। रात में महिलाएं खुद को अधिक असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं जिस तरीके से उनके साथ शोषण, हत्या और छेड़छाड़ के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे में युवा पीढ़ी चिकित्सा के पेशे से दूरी बना रही है। वहीं लगातार हो रही कोलकात्ता जैसी वारदात पेशे में जुड़े पुराने लोगों के लिए भी एक चिंता का विषय बन रही है। हालांकि कुछ अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं नहीं चली पर चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार दिया गया लेकिन सामान्य सेवाएं संचालित रहीं।

# फिल्मी अंदाज में ठगी करता था एमबीए पास कमरुद्दीन

## कभी खुद को बताता था शुगर मिल का मालिक, तो कभी सीएम का ओएसडी

**- नंदग्राम पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**
**- प्रदेशभर में कर चुका है 20 करोड़ से ज्यादा की ठगी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडीसीपी सिटी और नंदग्राम एसीपी की टीम ने एक ऐसे शातिर ठग को गिरफ्तार किया है, जो प्रदेशभर में फिल्मी अंदाज में ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने कमरुद्दीन निवासी वर्तमान लखनऊ मूल निवासी बस्ती 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि यह उत्तर प्रदेश में अब तक 20 करोड़ से ज्यादा रुपए की ठगी कर चुका है। पूरे प्रदेश में इसके ऊपर 11 मुकदमे दर्ज हैं। ये कभी यह खुद को शुगर कंपनी का मालिक बताता है। तो कभी मुख्यमंत्री का ओएसडी बनाकर लोगों को अपने प्रभाव में लेकर ठगी की वारदातों को अंजाम देता है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार का कहना है कि लगभग 20 करोड़ रुपए की ठगी के मामले तो उसने नंबर एक में ही अंजाम दिए हैं। शनिवार को जब पुलिस के अधिकारी इसके काले कारनामे पत्रकारों के सामने बता रहे थे, तो इसके जाल में फंसाए गए पीड़ित पुलिस से सूचना मिलने पर वहां पहुंच गए। पुलिस ने फिलहाल आरोपी कमरुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**लग्जरी गाड़ी और इंपोर्टेड कपड़ों का शौकीन है कमरुद्दीन :** डीसीपी सिटी राजेश कुमार और एसीपी नंदग्राम रवि सिंह ने जानकारी दी है कि यह लोगों को स्क्रैप बेचने के नाम पर ठगी करता था। उत्तर प्रदेश में अपनी कई शुगर मिल बताता है। इसको लग्जरी गाड़ी में चलना और इंपोर्टेड कपड़े पहनने का शौक है। इसी के लिए यह पूरी ठगी किया करता था। पुलिस की माने तो इसके ऊपर लखनऊ, बस्ती, जौनपुर, गाजियाबाद, बाराबंकी और लखनऊ में लगभग 11 अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हैं। यह लोगों को अपने जाल में फसाने के लिए पॉश इलाके में ऑफिस खोलने के साथ ही इंपोर्टेड कपड़े पहन के रखता था। पुलिस का दावा है कि यह अब तक 20 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम ठग चुका है।



### कोरोना से शेयर बाजार में हुआ नुकसान, तो कमरुद्दीन बन गया ठगी का मास्टरमाइंड

करंट क्राइम : पुलिस का कहना है की मूलरूप से स्क्रैप कारोबारी कमरुद्दीन ने बस्ती के वाटर गंज में शुगर मिल की नीलामी के लिए उत्तर प्रदेश में विज्ञापन दिए और लोगों को अपने जाल में फंसाना शुरु किया था। वहीं कमरुद्दीन ने लखनऊ में ऑफिस खोल के शेयर मार्केट का धंधा चल रहा था लेकिन कोरोना काल में उसको नुकसान हुआ और यहीं से वह ठगी का मास्टरमाइंड बन गया। लोगों को अपनी बातों में फंसाता और फिर उनसे मोटे पैसे हड़पकर फरार हो जाता था। इसके जाल में कई नेता और अधिकारी भी आ चुके हैं। ऐसी पुलिस ने जानकारी दी है। पुलिस इसके बैंक खातों और प्रॉपर्टी की जानकारी कर उसको जल्द ही कुर्क भी करेगी।

### राखी से पहले मिला हजारों बहनों-भाइयों को गिफ्ट

# अब मेरठ तक चलेगी देश की पहली हाईस्पीड ट्रेन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रक्षाबंधन के त्यौहार से पहले ही दिल्ली-एनसरीआर व मेरठ तक के मुसाफिरों के लिए गुड न्यूज आई है। अब देश की पहली हाईस्पीड नमो भारत रेल मेरठ तक सफर तय करेगी। साहिबाबाद से मेरठ तक यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है।

मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन रविवार को दोपहर 2 बजे से यात्रियों के लिए खोला जाएगा। अब पूरा कॉरीडोर चालू हो गया है।

### आज दो बजे से खुलेगा मेरठ साउथ का स्टेशन



करंट क्राइम : मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन रविवार को दोपहर 2 बजे से यात्रियों के लिए खोला जाएगा। इस स्टेशन के चालू हो जाने से नमो भारत ट्रेन की सेवाएं मेरठ तक पहुंचेगी। इससे अब दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ साउथ कॉरीडोर का कुल 42 किलो मीटर हिस्सा चालू हो गया है। अब यहां कुल 9 स्टेशनों पर नमो भारत ट्रेन की सेवाएं चालू हो जाएगी।

### अब मेरठ तक सफर होगा आसान

करंट क्राइम : दिल्ली से मेरठ तक जाने वाली आरआरटीएस रूट की ट्रेन दिल्ली के जंगपुरा से शुरू होती है। इसके बाद सराय काले खां से होते हुए मेरठ के दुहाई डीपो तक कुल 16 स्टेशनों की योजना बनाई गई है। हालांकि, अभी तक कुल 9 स्टेशन ही चालू हो पाए हैं।

इसमें जो आखिरी स्टेशन चालू हुआ वो मेरठ साउथ है। अब यात्रियों को मेरठ साउथ तक नमो भारत ट्रेन की सेवाएं मिल सकेंगी।

## संपादकीय

# आयोग का अच्छा कदम

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया। पिछले लोकसभा चुनावों के अनुभव की रोशनी में यह देखना सुखद है कि इस बार आयोग ने चुनावों की अवधि को काफी छोटा रखा है। हालांकि कुछ और सवाल इन घोषणाओं को लेकर उठ रहे हैं।

पिछले पांच वर्षों से निर्वाचित सरकारों से वंचित जम्मू-कश्मीर में चुनावों का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर अधिकतम 30 सितंबर की समयसीमा भी तय कर दी थी। यह अच्छा है कि उसका सम्मान करते हुए इलेक्शन कमिशन ने चुनाव प्रक्रिया समयसीमा खत्म होने से काफी पहले शुरू कर दी, लेकिन आखिरी चरण का मतदान एक अक्टूबर तक खिंचने से, फिर भी नहीं बचा जा सका।

चुनाव आयोग एक स्वतंत्र निकाय जरूर है, लेकिन सरकार और प्रशासन के अलग-अलग स्तंभों की कार्यदिशा में न्यूनतम सामंजस्य की अपेक्षा गलत नहीं कही जाएगी। ऐसे में जब केंद्र सरकार पिछले कई वर्षों से एक राष्ट्र एक चुनाव की वकालत करती आ रही है और एक दिन पहले लालकिले से दिए गए भाषण में भी प्रधानमंत्री ने इसकी जरूरत को रेखांकित किया था, तब महाराष्ट्र, झारखंड जैसे राज्यों के चुनाव भी साथ करवाए जाने की उम्मीद की जा रही थी। जम्मू-कश्मीर को विशेष मामला माना जाए तो भी वहां 30 सितंबर से पहले चुनाव कराने के बाद छह महीने की अवधि के अंदर कार्यकाल पूरा करने वाली सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करवाने में कोई संवैधानिक बाधा नहीं थी।

जम्मू-कश्मीर के लिए चुनाव इस लिहाज से खास हैं कि अनुच्छेद 370 के तहत मिला विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। इससे पहले लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की जो उत्साहपूर्ण शिरकत देखने को मिली, उसके मद्देनजर इन चुनाव से एक नए दौर की शुरूआत की उम्मीद अस्वाभाविक नहीं कही जाएगी। हालांकि आतंक की छिटपुट घटनाएं वहां अब भी हो रही हैं, लेकिन इसके पीछे आतंकी तत्वों की मंशा इन चुनावों को बाधित करने की ही लगती है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव ही उन तत्वों की साजिशों का सबसे अच्छा जवाब हो सकता है।

हरियाणा के चुनाव इस लिहाज से दिलचस्प हो गए हैं कि लगातार दो बार सरकार बनाने वाली बीजेपी के लिए लोकसभा चुनावों के नतीजे मनमाफिक नहीं आए। इसके बाद वहां कांग्रेस को अपने लिए ज्यादा उम्मीद नजर आ रही है। हालांकि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के नतीजे इस कदर अलग-अलग आते रहे हैं कि ऐसी उम्मीदों को एक हद से ज्यादा तवज्जो नहीं दी जा सकती। कुल मिलाकर देखें तो नतीजे जो भी आएं, चुनाव हमारी लोकतांत्रिक चेतना का संदेश बनकर आते हैं। उम्मीद है कि इस बार भी यह संदेश दुनिया को अधिकाधिक मजबूती से मिलेगा।

# दो एयरपोर्ट टर्मिनल समेत पांच नए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को मोदी सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की ओर से पांच नए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। इन प्रोजेक्टों में बेंगलुरु, ठाणे और पुणे की मेट्रो और बिहार एवं पश्चिम बंगाल में नए एयरपोर्ट टर्मिनल शामिल हैं। कैबिनेट से बेंगलुरु मेट्रो के फेस-3 प्रोजेक्ट को अनुमति मिल गई है। इसके तहत 44.65 किलोमीटर के दो एलिवेटेड कॉरिडोर बनाए जाएंगे, इसमें 31 स्टेशन होंगे। इसकी अनुमानित लागत 15,611 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। कैबिनेट ने महाराष्ट्र के ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को अनुमति दे दी है। इसका बजट 12 हजार 200 करोड़ रुपये तय किया गया है। इसमें 22 स्टेशन होंगे और यह 29 किलोमीटर लंबा होगा। यह प्रोजेक्ट ठाणे के नौपाड़ा, वागले एस्टेट, हीरानंदानी एस्टेट और कोलशेत जैसे अहम इलाकों को जोड़ेगा। महाराष्ट्र के एक अन्य शहर पुणे मेट्रो के फेस-1 प्रोजेक्ट के तहत स्वारगेट से कात्रज की ओर मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। इस परियोजना की लागत 2,054.53 करोड़ रुपये है। इसके अलावा कैबिनेट द्वारा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर नया सिविल एन्क्लेव की मंजूरी दी गई है। इसके तहत प्रस्तावित नया एकीकृत टर्मिनल भवन 70,390 वर्ग मीटर में फैल हुआ होगा। इसकी सालाना क्षमता एक करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी। इस परियोजना की लागत करीब 1,549 करोड़ रुपये आएगी। बिहार के पटना स्थित बिहटा में नया सिविल एन्क्लेव बनाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसमें 1,413 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके तहत 66,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ नया एकीकृत टर्मिनल भवन बनाया जाएगा, जो सालाना 50 लाख यात्रियों को सेवा देगा।

# भारतीय स्टार्टअप्स को इस हफ्ते मिली 395 मिलियन डॉलर की फंडिंग




**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी गति से आगे बढ़ रही है। इसका फायदा स्टार्टअप इकोसिस्टम को भी मिल रहा है। बीते हफ्ते भारतीय स्टार्टअप्स ने 20 डील के जरिए 395 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। यह आंकड़ा इससे पहले 113 मिलियन डॉलर का था, जो 22 डील में जुटाए गए थे। हॉस्पिटैलिटी और ट्रैवल-टेक कंपनी ओयो ने इस हफ्ते नेतृत्व किया है। सीरीज-जी राउंड के तहत इनक्रैंड वेल्थ, पेशेंट कैपिटल, जेएंडए पार्टनर, मैनकाइंड फार्मा के प्रमोटर्स और एएसके फाइनेंशियल होल्डिंग्स और अन्य निवेशकों से 1,457 करोड़ रुपये (175 मिलियन डॉलर) की राशि जुटाई गई है। वहीं, वेल्थ और एसेट्स मैनेजमेंट फर्म नियो की ओर से 400 करोड़ रुपये (करीब 48 मिलियन डॉलर) की राशि सीरीज-बी राउंड के तहत एमयूएफजी बैंक और न्यूयॉर्क आधारित यूक्लिडियन कैपिटल एलएलसी एवं अन्य निवेशकों से जुटाए हैं। ईवी फर्म एथर एनर्जी ने 71 मिलियन डॉलर की फंडिंग 1.3 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर जुटाई है, जो इस कंपनी को यूनिकॉर्न बना देती है। कंपनी को बीते तीन महीने में 125 मिलियन डॉलर की पूंजी जुटाने में सफलता मिली है। जुलाई में सभी भारतीय स्टार्टअप ने मिलकर 1.03 अरब डॉलर की राशि जुटाई थे। इसमें से 28 डील ग्रोथ या लेट स्टेज की थी, जिसमें 725 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया गया था। वहीं, 72 डील शुरूआती स्टेज की थी, इसमें 311.83 मिलियन डॉलर जुटाए गए थे। वहीं, 26 डील में जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया गया। हालांकि, यह शुरूआती चरण की डील थी। जुलाई में दो भारतीय स्टार्टअप को 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा की फंडिंग जुटाने में सफलता मिली थी। ई-कॉमर्स स्टार्टअप पर्पल और ऑटोमोटिव टेक स्टार्टअप रैपिडो दोनों में से हर एक ने 120 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया था। 2024 के पहले सात महीनों में भारतीय स्टार्टअप की ओर से कुल 8 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई जा चुकी है। 2023 में पूरे वर्ष के लिए यह आंकड़ा 11 अरब डॉलर और 2021 एवं 2022 में यह आंकड़ा 38 अरब डॉलर और 25 अरब डॉलर पर था।

# यूएई में यूपीआई से रुपये में कर सकते हैं भुगतान

## भारतीय ग्राहकों को बड़े मर्चेंट्स दे रहे सुविधा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार द्वारा यूपीआई को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। अब भारतीय नागरिक यूपीआई के जरिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रुपये में भी भुगतान कर सकते हैं। दरअसल यूएई में हाइपरलोकल मार्केट चलाने वाली बड़ी कंपनी लुलु ने देश में मौजूद अपने सभी स्टोर में यूपीआई से भुगतान स्वीकार करने का विकल्प ग्राहकों को देना शुरू कर दिया है। भारतीय नागरिक भारत की तरह ही यूपीआई ऐप का इस्तेमाल कर आसानी से भुगतान कर सकते हैं। भुगतान की गई राशि भारत में मौजूद उनके बैंक अकाउंट से काटी जाएगी। ऐसे में आप यूएई में यूपीआई के जरिए आसानी से रुपये में शॉपिंग कर सकते हैं। जुलाई की शुरूआत में यूएई में यूपीआई भुगतान को शुरू किया गया था। लुलु के अलावा यूएई के कई बड़े और छोटे मर्चेंट्स की ओर से यूपीआई से भुगतान स्वीकार किया जा रहा है। यूएई में भारतीय नागरिक और एनआरआई प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन के माध्यम से क्यूआर कोड के जरिए आसानी से भुगतान कर सकते हैं। यूपीआई का संचालन करने वाली इकाई नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के मुताबिक, 2024 में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में भारतीय यात्रियों का आंकड़ा 98 लाख पहुंचने का अनुमान है। अकेले यूएई में 53 लाख के करीब भारतीयों के पहुंचने की संभावना है। भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एनपीसीआई इंटरनेशनल मिलकर यूपीआई को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। फिलहाल भारत के बाहर नेपाल, श्रीलंका, मॉरीशस, यूएई, सिंगापुर, फ्रांस और भूटान में यूपीआई से भुगतान किया जा सकता है। यूपीआई से डिजिटल भुगतान आसान होने के कारण इसके जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या में साल दर साल इजाफा हो रहा है।




# अप्रैल-जून में शहरी इलाकों में श्रम बल भागीदारी दर बढ़कर 50.1 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** भारत के शहरी इलाकों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर - 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों) अप्रैल-जून 2024 के बीच बढ़कर 50.1 प्रतिशत हो गई जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 48.8 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा दिखाता है कि देश में रोजगार में बढ़ोतरी हो रही है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया कि 15 वर्ष या उससे अधिक की आयु के पुरुषों में एलएफपीआर अप्रैल-जून 2024 में बढ़कर 74.7 प्रतिशत हो गया है, जो कि अप्रैल-जून में 73.5 प्रतिशत था। वहीं, 15 वर्ष या उससे अधिक की आयु की महिलाओं में एलएफपीआर अप्रैल-जून 2024 में 25.2 प्रतिशत हो गया है, जो कि अप्रैल-जून 2023 में 23.2 प्रतिशत था। श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 15 वर्ष से अधिक के आयु के लोगों में रोजगार की दर का एक अहम इंडिकेटर है। यह अप्रैल-जून 2024 में बढ़कर 46.8 प्रतिशत हो गया जो कि पिछले साल समान अवधि में 45.5 प्रतिशत था। आंकड़ों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष या उससे अधिक की आयु के लोगों में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2024 में 6.6 प्रतिशत थी। 15 वर्ष या उससे अधिक की आयु के पुरुषों में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2023 के 5.9 प्रतिशत के मुकाबले अप्रैल-जून 2024 में घटकर 5.8 प्रतिशत रह गई है।

वहीं, 15 वर्ष या उससे अधिक की महिलाओं में बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2024 में 9 प्रतिशत थी, यह आंकड़ा अप्रैल-जून 2023 में 9.1 प्रतिशत था। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में डेटा को एकत्रित करने के लिए रोटेशनल पैनल सैम्पलिंग डिजाइन का उपयोग किया गया है। श्रम बल के आंकड़ों के महत्व को देखते हुए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) की ओर से आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) अप्रैल 2017 में लॉन्च किया गया था। पीएलएफएस के दो मुख्य उद्देश्य थे। पहला उद्देश्य शहरी इलाकों में तीन महीने की छोटी अवधि के रोजगार और बेरोजगारी के अहम आंकड़े जैसे - श्रम बल भागीदारी दर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात के आंकड़ों को एकत्रित करना। दूसरा उद्देश्य सालाना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 'सामान्य स्थिति' और 'करंट वीकली स्टेटस' सीडब्ल्यूएस दोनों में रोजगार और बेरोजगारी इंडिकेटर का अनुमान लगाना।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छे परिणाम देगा। कुछ मामूली झटकों के बावजूद आप अच्छी प्रगति करेंगे। आपको व्यवसाय में उत्कृष्ट परिणाम मिलेंगे।

**वृष :** आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिलेगा।

**मिथुन :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में सुख-शांति रहेगी। आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी साबित होगा।

**कर्क :** विदेशी व्यापार संबंधित सौदों के अंतिम रूप देने के लिए यात्रा की योजना फिर से शुरू होगी। आपको अपने विदेशी संपर्कों से लाभ प्राप्त होने की प्रबल संभावना है।

**सिंह :** आज धार्मिक स्थल के दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। अचानक से कोई मददगार आपका अच्छा दोस्त बन सकता है।

**कन्या :** आज सूचनाओं का आदान प्रदान बढ़ेगा। धर्म संस्कार को बल मिलेगा। भाग्य की प्रबलता बनी रहेगी। प्रवास और स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा।

**तुला :** आज का दिन आपको चौतरफा खुशी दे सकता है। व्यावसायिक रूप से आप सक्रिय और सतर्क रहेंगे। ज्ञान-जानकारी इकट्ठा करने के सन्दर्भ में अच्छी प्रगति करेंगे।

**वृश्चिक :** आज नौकरीपेशा लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। ऑफिस में एक साथ कई तरह के काम करने पड़ेंगे।

**धनु :** आज आपको किसी महत्वपूर्ण काम पर फोकस करने की जिम्मेदारी मिलेगी, इसे हाथ से जाने न दें। आज के दिन घटनाएँ अच्छी तो होंगी, लेकिन तनाव भी देंगी।

**मकर :** कार्य सुगमता से आगे बढ़ेंगे और स्थितियां आपके पक्ष में होंगी। लेखन, साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा, टीवी आदि से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा से पहचान बनाएंगे।

**कुंभ :** आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिलेंगे। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**मीन :** आज आपकी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से हो सकती है जो आपको अपनी सोच बदलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। आपका तेज काम आपको प्रेरित करेगा।

## चुटकुले

संता अपनी बीमारी की वजह से डॉक्टर के पास गया,
डॉक्टर : आपकी बीमारी की सही वजह मेरी समझ में नहीं आ रही,
हो सकता है दारु पीने की वजह से ऐसा हो रहा हो,
संता : कोई बात नहीं डॉक्टर साहब,
जब आपकी उतर जाएगी तो मैं दोबारा आ जाऊंगा।

---

पापा और 15 साल का बेटा एक होटल में गए,
पापा-वेटर एक बियर और एक आईसक्रीम लाओ,
बेटा आईसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिये ना,
दे.. चप्पल.. पे.. चप्पल!

---

अगर आपका दोस्त
ऑनलाइन रहने के बाद भी
आपको रिप्लाई नहीं दे रहा,
तो समझ लीजिये की,
अब वो सिंगल नहीं रहा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- नासा में सटीक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शब्दों की एक सूची है जो लेखक साइंस फिक्शन कहानियों में उपयोग कर सकते हैं।
- पृथ्वी पर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन 925,000 पाउंड का वजन, 11 पूर्ण अर्ध ट्रकों से अधिक होता है, अंतरिक्ष में, यह लगभग कुछ भी नहीं होता है।
- 10 अगस्त 2015 को, नासा के अंतरिक्ष यात्री ने खाना खाया जो पहली बार अंतरिक्ष में उगाया गया था।
- बाहरी अंतरिक्ष समुद्र स्तर से ऊपर 100 किलोमीटर (62 मील) से शुरू होता है।
- वर्जीनिया में प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने एक उपग्रह बनाया जिसे बाद में 2016 में नासा द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया।
- साल 2003 कोलंबिया स्पेस शटल आपदा के केवल बचे हुए कुछ परजीवी कीड़े हैं, जिन्हें नेमेटोड कहा गया था।
- अगर आप हबल स्पेस टेलीस्कॉप पर कैमरे के साथ-साथ देख सकते हैं, तो आप एक मील दूर अखबार पर ठीक प्रिंट पढ़ सकेंगे।
- नासा ने 3,200 ग्रहों की खोज की है, सभी की 99% निश्चितता के साथ पुष्टि की है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पेरिस ओलंपिक के बाद स्विट्जरलैंड पहुंचे नीरज चोपड़ा

## डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा




**मैग्लिंजन (स्विट्जरलैंड)।** पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाले भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने हाल ही में स्विट्जरलैंड पहुंचकर अपनी आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। नीरज चोपड़ा ने एक वीडियो के माध्यम से बताया कि वह ट्रेनिंग के लिए स्विट्जरलैंड पहुंच गए हैं और लॉजेन डायमंड लीग प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है, जो 22 अगस्त से शुरू हो रही है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि पेरिस ओलंपिक के दौरान उनकी चोट और ज्यादा खराब नहीं हुई है, क्योंकि उन्होंने चोट ज्यादा नहीं बढ़ने पर विशेष ध्यान दिया था।

उन्होंने कहा, मैंने सोचा कि ओलंपिक के बाद मुझे अपने सीजन को आगे बढ़ाना चाहिए। इसलिए मैंने तय किया कि मैं भारत नहीं आऊंगा और अपनी तैयारी को पुख्ता करूंगा, क्योंकि मुझे कई महत्वपूर्ण टूनार्मेंट खेलने हैं। टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने यह भी स्पष्ट किया कि वह अपने सीजन के खत्म होने के बाद ही अपनी चोट के इलाज के लिए डॉक्टर से परामर्श करेंगे।

नीरज चोपड़ा ने कहा, मेरे पास अभी भी एक महीने का सीजन बचा है, इसलिए मैंने सोचा कि इलाज के लिए डॉक्टर से परामर्श करने का समय सीजन के बाद रहेगा। नीरज ने बताया कि, वह इसलिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं क्योंकि उनकी रणनीति आगामी प्रतियोगिताओं में अच्छे प्रदर्शन को बरकरार रखने की है।

नीरज चोपड़ा के पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने के बाद भारत में उनके आने का इंतजार किया जा रहा था। नीरज ने आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर भारत न आने का फैसला किया है। वह अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए पेरिस से सीधे स्विट्जरलैंड चले गए। नीरज ने पेरिस ओलंपिक में अपने इवेंट के बाद कहा था कि वह अब 90 मीटर थ्रो को क्रॉस करने पर ध्यान देंगे। ज्ञात हो कि, अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक के पुरुष भाला फेंक फाइनल इवेंट में 92.97 मीटर की थ्रो के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया था।

## नेपाल आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप एशिया क्वालीफायर 2025 की मेजबानी करेगा




**नई दिल्ली।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल (सीएएन) ने पुष्टि की है कि नेपाल 12 से 21 अप्रैल, 2025 तक काठमांडू में आईसीसी अंडर19 पुरुष सीडब्ल्यूसी एशिया क्वालीफायर 2025 की मेजबानी करेगा। इस डिवीजन 1 इवेंट का विजेता आईसीसी पुरुष अंडर19 क्रिकेट विश्व कप 2026 के लिए योग्यता सुरक्षित करेगा। सीएएन ने अपने 'एक्स' अकाउंट में जोड़ा है कि मेजबान नेपाल के अलावा, अफगानिस्तान, ओमान, हांगकांग, सिंगापुर और यूएई एशियाई क्षेत्र के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। डिविजन 2 टूर्नामेंट से फाइनलिस्ट होने के आधार पर ओमान और हांगकांग ने इस आयोजन के लिए अर्हता प्राप्त की। नेपाल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 2024 आईसीसी पुरुष अंडर19 क्रिकेट विश्व कप में भाग लिया, जहां उन्होंने सुपर सिक्स चरण के लिए क्वालीफाई करने के लिए पूर्वी लंदन के बफेलो पार्क में अफगानिस्तान के खिलाफ एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। पुरुष अंडर 19 विश्व कप 2026 की मेजबानी जिम्बाब्वे और नामीबिया में की जाएगी, जहां 16 टीमें टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें से पांच क्षेत्रीय क्वालीफायर से आएंगी।

# माइकल फेल्प्स : वो जानता है लहरों से लड़ने का हुनर

## ओलंपिक में 'मेडल किंग' के नाम से है मशहूर

**नई दिल्ली।** बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो अपने नाम को चरितार्थ करते है, माइकल फेल्प्स उन्हीं चंद लोगों में से एक हैं। ओलंपिक खेलों में खिलाड़ी एक मेडल हासिल करने के लिए भी तरस जाते हैं, वहीं माइकल फेल्प्स के नाम पांच ग्रीष्मकालीन खेलों में कुल 28 मेडल (जिनमें 23 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज) हैं। उनका बड़ा शरीर, चौड़े कंधे और बड़े पैर पानी में पंख की तरह काम करते हैं और यही उनके शरीर को तैराकी के लिए एकदम फिट बनाती है। इस खिलाड़ी ने बिजिंग ओलंपिक में रिकॉर्ड आठ गोल्ड मेडल जीते थे। 17 अगस्त के दिन ही आठवां पदक अपने नाम किया था। यकीनन फेल्प्स अब तक के इतिहास के सबसे अच्छे तैराक हैं, लेकिन वो एक अच्छे बेटे भी हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि माइकल फेल्प्स ने तैराकी अपनी मर्जी से नहीं बल्कि अपनी मां के कहने पर शुरू की थी। मगर धीरे-धीरे उनका इसमें मन लग गया और उनके बनाए गए कीर्तिमान की वजह से आज उन्हें दुनियाभर के वो लोग भी जानते हैं जो खेलों में कम रुचि रखते हैं। अमेरिकी तैराक माइकल फेल्प्स को ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 'मेडल किंग' कहा जाता है। फेल्प्स ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 28 मेडल जीते थे, जो कि किसी एथलीट द्वारा ओलंपिक खेलों में जीते हुए सर्वाधिक मेडल है। फेल्प्स ने व्यक्तिगत स्पधाओं में 13 गोल्ड मेडल जीते हैं। 30 जून 1985 को मैरीलैंड के बाल्टीमोर में जन्मे माइकल फेल्प्स ने बीजिंग में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 8 मेडल जीते थे। 7 साल की उम्र से तैराकी करने वाले फेल्प्स ने 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले, 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर मेडले, 4७100 मीटर फ्रीस्टाइल, 4७200 मीटर फ्रीस्टाइल, 4७100 मीटर मेडले और 4७100 मीटर मेडले में गोल्ड मेडल जीतकर ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। 2016 में रिटायरमेंट लेने के बाद फेल्प्स ने बताया, मैं पानी में केवल इसलिए गया क्योंकि मेरी मां चाहती थी कि मैं तैरना सीखूं। मेरी बहनों और मुझे इस खेल से प्यार हो गया था और हमने तैराकी सीखने का फैसला किया। 10 साल की उम्र में फेल्प्स ने अपने आयु वर्ग (100 मीटर बटरफ्लाई) में एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया था जिसके बाद उन्होंने कोच बॉब बोमन से नॉर्थ बाल्टीमोर एक्वाटिक क्लब में प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया। साल 2000 में सिडनी में आयोजित हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से अपने करियर की शुरूआत करने वाले फेल्प्स अपने पहले ओलंपिक में कोई मेडल नहीं जीत पाए, लेकिन 4 साल बाद एथेंस में आयोजित ओलंपिक में अमेरिकी तैराक ने 6 गोल्ड और 2 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। अपने खेल को और बेहतर बनाते हुए फेल्प्स ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 8 गोल्ड मेडल, 2012 लंदन ओलंपिक में 4 गोल्ड मेडल और 2 सिल्वर मेडल जीते, जबकि 2016 रियो ओलंपिक में 5 गोल्ड मेडल जीतकर अपने शानदार करियर के स्वर्णिम अध्याय को विराम दिया।



इस बात से कोई भी इनकार नहीं कर सकता है कि माइकल फेल्प्स अब तक के सबसे महान ओलंपियन हैं।

## डूरंड कप: कोलकाता में मोहन बागान बनाम ईस्ट बंगाल एफसी मैच सुरक्षा कारणों से रद्द

**कोलकाता।** डूरंड कप के मोहन बागान और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच रविवार को विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ांगन में होने वाला कोलकाता डर्बी मैच शहर में अशांति की स्थिति के कारण रद्द कर दिया गया है और इसके जमशेदपुर स्थानांतरित होने की संभावना है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या से पूरे शहर में व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है, और नगरपालिका पुलिस के अनुसार, मुख्य चुनौतियों में से एक सुरक्षा बनाए रखना है। सूत्रों ने आईएएनएस से पुष्टि की, शहर में अशांति की स्थिति के कारण मोहन बागान और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच कोलकाता डर्बी को रद्द कर दिया गया है। दोनों टीमें ग्रुप ए में एक-एक अंक साझा करेंगी।



कोलकाता में होने वाले सभी मैचों को संभवतः जमशेदपुर में स्थानांतरित किया जाएगा। आधिकारिक पुष्टि शाम को होगी। इसमें आगे कहा गया, टिकटों के रिफंड की प्रक्रिया 19 अगस्त, 2024 से शुरू होगी और प्रशंसक अपने खरीदे गए टिकटों को संबंधित बॉक्स ऑफिस पर ला सकते हैं, ताकि रिफंड प्रक्रिया शुरू की जा सके। अंक बंटवारे के बाद मोहन बागान टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। लेकिन इस स्थगित डर्बी का एक पॉइंट ईस्ट बंगाल को मुश्किल स्थिति में डाल देगा। छह ग्रुप विजेता और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें अंतिम आठ में पहुंचेंगी।

# श्रीलंका सीरीज के लिए पोप की टेस्ट कप्तान के रूप में नियुक्ति इंग्लैंड के लिए अच्छा संकेत :नासिर हुसैन

**लंदन।** पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि श्रीलंका के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के रूप में ओली पोप की नियुक्ति ऑस्ट्रेलिया में अगले साल होने वाली महत्वपूर्ण एशेज से पहले टीम के लिए अच्छा संकेत है। पोप को 21 अगस्त से शुरू होने वाली श्रीलंका श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है क्योंकि बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग फटने के कारण बाहर हो गए हैं। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में कहा, ह्लमुझे लगता है कि पोप का तीन टेस्ट मैचों के लिए कप्तान रहना अच्छा है, अगर भविष्य में बेन स्टोक्स चोटिल हो जाएं। उन्हें अन्य विकल्पों की आवश्यकता है. ठीक वैसे ही जैसे जब



वे ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, और वे ऐसा गेंदबाजी आक्रमण नहीं चाहते जो अनुभवहीन हो। आप किसी ऐसे (अग्रणी) के साथ वहां नहीं जाना चाहेंगे जिसने पहले ऐसा नहीं किया हो। साथ ही, हुसैन को लगता है कि पोप को अभी भी खुद को इंग्लैंड टेस्ट टीम में एक मजबूत कप्तान के रूप में स्थापित करना बाकी है।

पोप के साथ भावना यह है कि यह स्वाभाविक रूप से नहीं आता है, (जबकि) स्टोक्स के साथ भावना यह है कि क्रिकेट संबंधी बुद्धिमत्ता उनमें बहुत स्वाभाविक रूप से आती है। ऐसा लगता है जैसे उन्हें (पोप को) उस खोल से बाहर निकालने के लिए उप-कप्तानी दी गई थी, नहीं। तीसरे स्थान पर भी, हमें आप पर विश्वास है, जो मुझे लगता है कि करना सही था। लेकिन इसका दूसरा पक्ष, जब आप कप्तान हों। आपको वह विश्वास बेचना होगा। अपने आप को टीम को, अपनी योजनाओं को बेचें। इसी तरह के विचार पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने भी व्यक्त किये। अनिवार्य रूप से, आप एक कार्यवाहक पद पर हैं। और बेन स्टोक्स ने टीम पर ऐसी स्थायी छाप छोड़ी है, ओली पोप उसे बदलना नहीं चाहेंगे। जबकि आप कप्तान हैं और आप निर्णय लेते हैं, यह किसी और की टीम है। यह उसके लिए थोड़ी अजीब स्थिति है। स्टोक्स की तरह, इंग्लैंड भी उंगली में चोट के कारण श्रृंखला के लिए सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के बिना रहेगा। हुसैन ने चुटकी लेते हुए कहा कि टेस्ट मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम फॉर्म के कारण टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों के पास वापस जाने के बजाय चयन में नवीनता अपनाएंगे।

## पाकिस्तान ने अबरार अहमद और कामरान गुलाम को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की टीम से बाहर किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने स्पिनर अबरार अहमद और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कामरान गुलाम को पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तानी टीम से रिलीज कर दिया है और अब वह बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में पाकिस्तान शाहीन्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जो मंगलवार, 20 अगस्त को इस्लामाबाद क्लब में शुरू होगा। गुलाम को दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए पाकिस्तान शाहीन्स का कप्तान नियुक्त किया गया है। पीसीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह निर्णय तब लिया गया है जब चयनकताओं ने 21 अगस्त को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले आईसीसी विश्व टेस्ट



चैम्पियनशिप मैच में एक तेज आक्रमण के साथ जाने का विकल्प चुना है। चयनकताओं ने टेस्ट के लिए उन्हें बेंच पर रखने के बजाय, उन्हें शाहीन टीम में नामित किया ताकि वह दूसरे टेस्ट से पहले कुछ मैच अभ्यास हासिल कर सकें, जो 30 अगस्त से कराची में शुरू होगा। इसका मतलब है कि पाकिस्तान टेस्ट में कटौती कर 15 खिलाड़ी कर दिए गए हैं , लेकिन दूसरे चार दिवसीय मैच के समापन के बाद यह अपनी मूल 17 खिलाड़ियों की ताकत पर वापस आ जाएगा जब अबरार और कामरान कराची दौरे के लिए टीम में फिर से शामिल होंगे। मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, नसीम शाह, सईम अयूब, सरफराज अहमद और सऊद शकील, जो पाकिस्तान शाहीन टीम का हिस्सा थे, अब टेस्ट टीम में शामिल हो गए हैं, जबकि मोहम्मद रमीज जूनियर को दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए बाहर रखा गया है।

शाहीन की टीम में इन आठ खिलाड़ियों की जगह अबरार अहमद, अली जरयाब आसिफ, अवैस अनवर, इमाम उल हक, नियाज खान, कासिम अकरम, रोहेल नजीर और शेरून सिराज को लिया गया है। पाकिस्तान शाहीन की टीम (दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए): कामरान गुलाम (कप्तान), अबरार अहमद, अली जरयाब, गुलाम मुदस्सर, इमाम-उल-हक, मेहरान मुमताज, मोहम्मद अवैस अनवर, नियाज खान, कासिम अकरम, रोहेल नजीर (विकेट- कीपर), साद बेग (विकेटकीपर), साद खान, शेरून सिराज और उमर अमीन।

## रिकी मीतेई हाओबाम को एसएएफएफ यू20 चैम्पियनशिप के लिए कप्तान नियुक्त किया गया

**काठमांडू।** भारतीय फुटबॉल टीम एसएएफएफ यू20 चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार देर रात काठमांडू पहुंच चुकी है। इस टूर्नामेंट की शुरूआत में अब सिर्फ दो दिन बचे हैं। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन है। शनिवार को टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी और दल के प्रमुख केएल निजामुद्दीन ने खिलाड़ियों को बताया कि रिकी मीतेई हाओबाम और एबिंदास येसुदास को क्रमशः कप्तान और उपकप्तान बनाया गया है। चौधरी ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम पिछले दो महीनों से तैयारी कर रहे हैं और सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। हमारा पहला मैच बहुत महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह बाकी मैचों के लिए टोन सेट करेगा। भारत दो साल पहले भुवनेश्वर में एसएएफएफ यू20



चैंपियनशिप का चैंपियन रहा है। चौधरी ने कहा, हम मौजूदा चैंपियन हैं और यह हमारे लिए मोटिवेशन की बात है। चैंपियन होने के साथ कुछ अपेक्षाएं भी जुड़ी होती हैं और हम इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कप्तान रिकी ने भी कोच की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा, हम पिछली बार भुवनेश्वर में चैंपियन थे और सभी को उम्मीद है कि हम इस टूर्नामेंट में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हम जीतने पर पूरी तरह से केंद्रित हैं। भारतीय टीम को ग्रुप बी में रखा गया है। भारतीय टीम अपना अभियान सोमवार को भूटान के खिलाफ शुरू करेगी। दूसरा और अंतिम ग्रुप मैच 23 अगस्त को मालदीव के खिलाफ होगा।

# मोर्ने मोर्कल के पास भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए 'एक कोच से ज्यादा' साबित होने का मौका

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्केल को भारतीय टीम का नया बॉलिंग कोच बनाया गया है। अपने लंबे कद और हाई-आर्म एक्शन के चलते बेजान पिच से भी उछाल हासिल करने वाले मोर्कल को खेलना बल्लेबाजों के लिए हमेशा एक चुनौती रही। बतौर क्रिकेटर संन्यास लेने के बाद मोर्कल ने कोचिंग में भी शानदार काम किया है। उनकी कोचिंग में तेज गेंदबाजों को सिर्फ 'बॉलिंग' करने से कहीं ज्यादा चीजें सीखने के लिए मिली है। मोर्केल वह कोच हैं जिनके मार्गदर्शन का पाकिस्तान की पेस सनसनी नसीम शाह पर काफी गहरा प्रभाव पड़ा। कोच के तौर पर बहुत एक्टिव मोर्ने मोर्कल भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद थे। गंभीर ने खुद माना है कि बतौर गेंदबाज मोर्कल का सामना करना उनके लिए कभी आसान नहीं रहा। मोर्केल ने अपने करियर में तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। अपने करियर के अंतिम दिनों में वह लाइन-लेंथ और अपने रन-अप पर जबरदस्त कंट्रोल सीख चुके थे। तजुर्बे की यह यात्रा भारतीय युवा पेस बैटरी के बहुत काम आ सकती है। भारतीय तेज गेंदबाजों के नजरिए से यह भी एक बहुत अच्छी बात है कि मोर्केल ने अपने करियर में चोटों और उनसे वापसी करना बखूबी



सीखा था। वह जानते हैं कि कितनी रफ्तार के साथ गेंदबाज को अपने शरीर को रिकवरी के लिए टाइम देना होता है। किस तरह से एक गेंदबाज का शरीर काम करता है। भारत के पास प्रसिद्ध कृष्णा एक ऐसे गेंदबाज हैं जो चोट से जूझते रहे हैं। मयंक यादव एक ऐसे युवा गेंदबाज हैं जिनकी रफ्तार काफी उत्सुकता पैदा करती है। इसके अलावा आकाश दीप, हर्षित राणा, आवेश खान, उमरान मलिक जैसे तेज गेंदबाज हैं। मोर्केल को इन युवाओं के साथ सबसे ज्यादा काम करना है। मोर्केल का इन गेंदबाजों के साथ काम भारतीय क्रिकेट की तेज गेंदबाजी के भविष्य को तय करने जा रहा है। क्योंकि भारत के पास सीनियर लेवल पर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ही ऐसे हैं जो अपनी जगह स्थापित कर सके हैं। टी20 क्रिकेट में अर्शदीप सिंह का भी उभार हुआ है। मोर्केल अर्शदीप सिंह को टेस्ट मैचों के लिए तैयार कर पाए तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा होगा। भारत के पास साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा और साल 2025 में इंग्लैंड का दौरा है। तब तक गौतम गंभीर एंड कंपनी यह उम्मीद करेगी कि मोर्केल भारतीय गेंदबाजों के साथ वह काम कर चुके होंगे जो उन्होंने पाकिस्तान के लिए नसीम शाह के साथ किया था। मोर्ने मोर्कल के आगमन के साथ यह उम्मीद की जा सकती है कि वह भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए 'एक कोच से ज्यादा' साबित होंगे।

## जैसा हम पहले खेलते थे, वैसा अब नहीं खेल रहे हैं :अरविंद डी सिल्वा

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान अरविंद डी सिल्वा ने उस समय को याद किया जब लोग जानते थे कि टीम अपना खेल कैसे खेलती है, जिसके कारण अन्य टीमें उनका अनुकरण करना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि यह कुछ ऐसा है जो मौजूदा श्रीलंका टीम में नहीं है। श्रीलंका की हालिया अंतरराष्ट्रीय सीरीज, जहां उन्होंने घरेलू मैदान पर 27 साल में पहली बार द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला में भारत को 2-1 से हराया रहा, लेकिन 21 अगस्त से शुरू होने वाली उनकी अगली अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला उन्हें इंग्लैंड की टेस्ट टीम से भिड़ाएगी, जिसने हाल ही में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया है। डी सिल्वा ने कहा, ह्लश्रीलंका ऐसा खेल रही थी जैसा इतिहास में किसी अन्य टीम ने नहीं किया है। हमारी एक पहचान थी, लोग जानते थे कि श्रीलंकाई क्रिकेटर



किस तरह से खेल खेलते हैं और टीमें उसका अनुकरण करना चाहती थीं। मुझे नहीं लगता कि इस समय हमारे पास वह शैली है। डी सिल्वा के अलावा, श्रीलंका के पास 2010 के मध्य तक माहेला जयवर्धने, सनत जयसूर्या और कुमार संगकारा जैसे रन बनाने वाले खिलाड़ी हुआ करते थे। लेकिन एक बार जब बल्लेबाजी के दिग्गज खिलाड़ी रिटायर हो गए, तब से श्रीलंका को कोई जुझारू बल्लेबाज नहीं मिला है। डी सिल्वा का मानना है कि श्रीलंका के बल्लेबाजों को यह देखना चाहिए कि इंग्लैंड ने टेस्ट में अपने आक्रामक रवैये से कैसा प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड इस समय जिस तरह से क्रिकेट खेल रहा है, मैं उसका आनंद ले रहा हूं। वे बहुत आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं - चाहे वे गेंदबाजी कर रहे हों या बल्लेबाजी कर रहे हों, इंग्लैंड वास्तव में सकारात्मक दृष्टिकोण अपना रहा है और इसका फल मिल रहा है। इंग्लैंड में जीतना कठिन है, लेकिन यह निश्चित रूप से असंभव नहीं है। 2019 से 2021 तक श्रीलंका के मुख्य कोच के रूप में काम करने वाले मिकी आर्थर को लगता है कि मौजूदा श्रीलंका टीम अपनी ही पिछली सफलता का शिकार है। वे प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं, रोमांचक क्रिकेटर हैं। श्रीलंकाई क्रिकेटरों के बीच बहुत सारे तरीके और तकनीकें हैं जिन्हें पश्चिमी दुनिया में प्रशिक्षित किया जाएगा। एक कोच के रूप में, आपको दायरे से बाहर सोचने की जरूरत है। आपको उन चीजों को बनाए रखने की जरूरत है जो उन खिलाड़ियों को इतना खास बनाती हैं लेकिन साथ ही उन तकनीकों को थोड़ा और ठोस बनाने का प्रयास करें। मुझे लगता है कि श्रीलंका वास्तव में अपनी ही सफलता का शिकार था। उनकी टीम इतनी सुलझी हुई थी, जिसमें इतने सारे अविश्वसनीय खिलाड़ी थे कि एक बार उन लोगों के रिटायर हो जाने के बाद आगे बढ़ना हमेशा बहुत मुश्किल होता है।

## हंड्रेड एलिमिनेटर के लिए लंदन स्पिरिट की रणनीति साफ है : दीप्ति

**लंदन।** महिला द हंड्रेड में शनिवार को एलिमिनेटर मुकाबला ओवल इनविसिंबल्स और लंदन स्पिरिट के बीच होगा। लंदन स्पिरिटके लिए खेलने वाली दीप्ति शर्मा ने इस सीजन ओवल के खिलाफ दो शानदार प्रदर्शन किए हैं। लॉर्ड्स में हुए टाई मुकाबले में दीप्ति ने 44 रन बनाने के साथ 18 रन देकर तीन विकेट लिए थे। इसके बाद रविवार को द ओवल में उन्होंने नाबाद 46 रन की पारी खेली थी। दीप्ति को उम्मीद है कि उनकी टीम मिलकर एक बेहतरीन प्रदर्शन करेगी और ओवल को हराने में कामयाब रहेगी। दीप्ति ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, क्योंकि हम इस सीजन उनके खिलाफ तीसरा मुकाबला खेलने जा रहे हैं, तो हमें हमारी रणनीति पता है। हमें बस चीजों को सरल रखना है और यही मैं हमेशा सोचती हूं। मैं बस



हर मैच का लुत्फ उठाती हूं और खुद को मैदान पर जाहिर करती हूं। यही मैं अपने खेल के पहले दिन से कर रही हूं। दीप्ति ने द हंड्रेड में लंदन के लिए 2021 से खेलना शुरू किया था और इस बार उन्होंने पहली बार मजबूत वापसी की है। उन्होंने इस सीजन अब तक अपनी पांच पारियों में कम से कम 30 रन बनाए हैं और 19.57 की औसत और 7.14 के इकॉनमी से सात विकेट लिए हैं। सीजन के आखिरी ग्रुप मैच में वह प्लेयर ऑफ द मैच रहीं, जहां पर उन्होंने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के खिलाफ नाबाद 37 रन बनाए और फिर 19 रन देकर एक विकेट भी लिया। इस मैच में उन्होंने लंदन की कप्तान हेदर नाइट के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए नाबाद 77 रनों की साझेदारी की। नाइट के साथ ही मिलकर उन्होंने 2019 में वेस्टर्न स्टोर्म को सुपर लीग का खिताब जिताया था। दीप्ति को ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लानिंग का साथ भी खूब जमता है। वहीं सारा ग्लेन और चार्ली डीन के साथ भी वह खेल रही हैं, जिनके साथ 2022 में नॉन स्ट्राइक एंड पर रन आउट की घटना हुई थी। दीप्ति ने कहा, मैं सब कुछ भूल गई हूं क्योंकि जब आप एक ही टीम में होते हैं, तो आप पुरानी बातों को भूल जाते हैं। मैं हमेशा वर्तमान में रहने की कोशिश करती हूं, परिस्थितियों को देखती हूं और मौजूदा मैच को देख रही हूं। वे सभी अच्छे खिलाड़ी अच्छे साथी भी हैं। तो हम बस रोज घुलते-मिलते हैं और हर पल का लुत्फ लेते हैं। मेग यहां पर हैं, मैं बहुत उत्साहित थी क्योंकि मैं हमेशा उनके खिलाफ खेली हूं। मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ एक टीम में खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। वह बहुत शांत हैं। वह हमेशा आपका समर्थन करती हैं, चाहे जब वह बल्लेबाजी कर रही हों या मैदान के बाहर हों। मुझे उनका स्वभाव बहुत पसंद है।

# नमो: भारत रैपिड ट्रेन स्टेशन परिसर से बीटेक के छात्र ने कूदकर की आत्महत्या

## 40 रुपए का टिकट लेकर प्लेटफॉर्म से लगाई छलांग, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर नमो भारत ट्रेन के स्टेशन से छलांग लगाकर बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। स्टूडेंट ने गाजियाबाद जाने के लिए 40 रुपए का टिकट भी लिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। हरियाणा के थाना बहादुरगढ़ के झज्जर निवासी विनोद कुमार का 20 वर्षीय पुत्र केशव दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मोदीनगर के एसआरएम संस्थान में बीटेक सेकेंड ईयर का छात्र है। छात्र हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

दरअसल मोदीनगर के मुरादनगर में दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास छात्र केशव मुरादनगर स्थित नमो भारत स्टेशन पर पहुंचा और 40 रुपए वाला टिकट लिया। इसके बाद वह काफी देर तक इधर-उधर घूमता रहा। इसके बाद वह स्टेशन पर दूसरी साइड पहुंच गए। दूसरी साइड पर पहुंचकर छात्र ने स्टेशन से नीचे छलांग लगा दी। छलांग लगाते ही वह दिल्ली-मेरठ मार्ग पर सड़क पर आकर गिर गया। छात्र के नीचे गिरते ही हड़कंप मच गया। एनसीआरटीसी के कर्मचारी पहुंचे और उन्होंने तुरन्त उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंहुचाया। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया। स्टेशन का सीसीटीवी कैमरा देखने से पता चला कि छात्र ने खुद ही स्टेशन से नीचे छलांग लगाई थी। एसीपी ने बताया कि मृतक छात्र के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एसआरएम संस्थान से भी छात्र के बारे में जानकारी ली जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# हत्या के प्रयास के दोषी को 4 साल की सजा



**हापुड़।** हापुड़ में अपर सत्र न्यायाधीश विपिन कुमार (प्रथम) ने हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त को चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार त्यागी ने बताया कि थाना हापुड़ देहात के ग्राम लोधीपुर निवासी इन्द्रजीत सिंह ने थाना हापुड़ देहात में 3 फरवरी 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था। जान से मारने की नियत से वार कर दिए उन्होंने बताया था कि शाम करीब चार बजे वह अपने घर से अपनी पत्नी को लेकर मुरादाबाद रिश्तेदारी में गया था। पीड़ित के घर पर उसकी बेटी रानी व भारती अकेली मौजूद थी। पीछे से उसके साले का लड़का अमित निवासी शोफीपुर थाना लालकुर्ती मेरठ आया था। उसकी पुत्री रानी ने अमित से कहा कि घर में मेरे मम्मी पापा नहीं हैं। आप अपने घर जाओ। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर अमित ने घर से चाकू लेकर उसकी बेटी रानी के ऊपर जान से मारने की नियत से वार कर दिए।

# 95 लाख की साइबर ठगी करने वाले पांच शातिर गिरफ्तार



**नोएडा।** नोएडा की साइबर सेल पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के पांच शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने पीड़ित को व्हाट्सऐप ग्रुप में ऐड करके शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर लगभग 95 लाख रुपए की ठगी की थी। इनके पकड़े जाने से 46 मामलों का खुलासा हुआ है। इसमें बिहार, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आयुष शुक्ला (23), रिहान अली (21), सूरज शर्मा (24), आदित्य दास (23) और सुशील बापूराव शाह (37) को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल 1 कार, 6 स्मार्ट फोन, 1 सिम समेत अन्य सामान बरामद किए गए। पुलिस ने विभिन्न बैंक खातों में 29 लाख रुपए भी फ्रीज कराए हैं।

पुलिस पूछताछ में पता चला कि गैंग व्हाट्सऐप और टेलीग्राम ग्रुप पर लोगों को एड करके झांसा देते थे और रुपए हड़प लेते थे। पुलिस के मुताबिक यह सभी काफी कम उम्र के हैं और जल्द ही पैसा कमाने के लालच में साइबर ठगी का रास्ता चुना। शातिरों ने करोड़ों रुपए के फ्रॉड को अंजाम दिया है।

# अफेयर छुपाने के लिए मां-चचेरे भाई ने की हत्या

## 6 साल की मासूम का मर्डर कर खंडहर में छुपा दिया था शव, कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई






**हापुड़।** हापुड़ में एक मां और चचेरे भाई ने अपने अफेयर को छुपाने के लिए 6 साल की मासूम की हत्या कर दी थी। मासूम ने अपनी मां और चचेरे भाई को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। जिसके बाद दोनों ने मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। उसके बाद शव को एक खाली पड़े जर्जर घर में छुपा दिया था।

मां और चचेरे भाई ने 30 मार्च को मासूम की हत्या की थी। इस मामले में शनिवार को कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25-25 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। ये मामला हापुड़ के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जखेड़ा रहमतपुर का है। बता दें, गांव जखेड़ा रहमतपुर में 31 मार्च को पुलिस को सूचना मिली की गांव की एक 6 साल की मासूम काव्या कहीं लापता हो गई है। जिसके बाद पुलिस मौके पर बच्ची की तलाश के लिए पहुंची। काफी खोजबीन के बाद पुलिस और ग्रामीणों ने गांव के पास एक खंडहर से बच्ची का शव बरामद कर लिया। बच्ची के शरीर पर चोट के निशान थे। उसके सिर पर गहरा घाव था। तब बच्ची की मां नाटक करते हुए शव से लिपटकर खूब रोई थी। पुलिस ने इस मामले में पूछताछ की तो पहले तंत्र-मंत्र में हत्या होने की बात सामने आई। लेकिन पुलिस को गांव में किसी भी तरह का तंत्र-मंत्र का कोई सामान नहीं मिला। साथ ही बच्चे के शरीर पर भी तंत्र-मंत्र जैसा कुछ नहीं दिख रहा था। जिसके बाद पुलिस ने परिवार के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने सबके अलग-अलग बयान लिए। जिसमें मां के बयान दूसरे के बयानों से अलग रहे। पुलिस ने तब शक के आधार पर मां को हिरासत में लिया। उसे सख्ती से पूछताछ की।

### हत्या के बाद घर को पानी से धो दिया था- दोषी मां

महिला ने बताया, उसका अपने जेठ के बेटे से अफेयर है। उसकी बेटी ने खेलते समय हम दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। हमने उसको ये बात किसी को बताने से मना की थी लेकिन वो अपने पापा को सब बताने के लिए कह रही थी। जिसके बाद गुस्से में हम लोगों ने पहले उसका मुंह दबाकर उसको बेहोश कर दिया था। फिर उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।

### बच्ची की बेरहमी से हत्या की गई थी- एसपी

इस मामले में एसपी जीके सिंह ने बताया, बच्ची की बहुत बेरहमी से हत्या की गई थी। हम लोगों ने दूसरे दिन ही हत्या का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इनके बताने के अनुसार घर से खून से सनी मिट्टी और धारदार हथियार भी बरामद कर लिया था।

जहां उसने पुलिस के सामने सारा सच उगल दिया। उसके बाद शव को छुपाने के लिए जर्जर घर में फेंक आए थे। घर को हम लोगों ने पानी से धो दिया था। उस पर गोबर से लिपाई कर दी थी। ताकि पुलिस को कोई सबूत न मिले। हमें लग रहा था हम पर तो कोई शक नहीं करेगा। लेकिन हम लोग पकड़े गए। मां के बयान के बाद पुलिस ने प्रेमी को भी उठा लिया था। घटना के 27 दिन बाद ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसके बाद कोर्ट में मामले की सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने साक्ष्यों पर सबूतों के आधार पर दोनों को सजा सुनाई है।

# सार्वजनिक स्थान पर थूका तो भरना होगा 100 रुपए जुमार्ना, नोएडा में लागू किया गया नियम



**नोएडा।** नोएडा के अलग-अलग सेक्टरों में आज सफाई अभियान चलाया गया। लोगों को बताया गया अगर वे सार्वजनिक स्थानों पर थूकते हैं तो उनको 100 रुपए जुमार्ना देना होगा। इसके लिए एनजीओ और प्राधिकरण की टीम लगी हुई है। वहीं सेक्टर-11 में लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई।

यहां प्लोगिंग की गई। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने विभिन्न प्रकार की समस्या से अवगत कराया। जिसको तत्काल प्रभाव से ठीक करायें जाने के लिए आश्वासन दिया गया। इस मौके पर डीजीएम राजेश कुमार, गौरव बंसल, परियोजना अभियंता, उमेश चंद्र, सहायक परियोजना अभियंता आदि मौजूद रहे। सेक्टर-93बी सफाई गिरी कार्यक्रम के दौरान भी प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। यहां अभियान आरके शर्मा, परियोजना अभियन्ता, अनिल कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक वर्क सर्किल-8 अगुआई में चलाया गया। इसके अलावा सेक्टर-27 डी-ब्लॉक मार्किट में नो थू-थू अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर गुटका एवं पान खाकर थूकने से रोका और लोगों से नोएडा शहर को गंदा न करने का आग्रह किया। यदि कोई सार्वजनिक स्थानों पर थूकता हुआ पाया जाता है तो 100 रुपए का जुमार्ना भी लगाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शहर के लोगों में गुटखा एवं पान मसाला थूकना से रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। सामुदायिक शौचालयों पर विभिन्न प्रकार के पोस्टर को साफ एवं पानी के माध्यम से धोकर साफ किया गया। अलग-अलग स्थान पर पड़े कूड़े को एकत्रित करके वैज्ञानिक रूप से निपटारा के लिए प्रोसेसिंग प्लांट पर भेजा गया।

# हापुड़ में स्टंट करने वाला युवक दबोचा, युवतियों के सामने की थी स्टंटबाजी, पहुंचा हवालात



**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने युवतियों के समाने स्टंट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कल बाइक सवार युवकों की स्टंट करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। युवक बेखौफ होकर युवतियों के समाने स्टंट कर रहे थे। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने बाइक का 8 हजार रुपये का चालान कर दिया था। वहीं अब आरोपी के खिलाफ शांति भंग करने की कार्रवाई की है।




# पिंक बूथ की व्यथा जनसुनवाई बताती है

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद मे महिलाओं को त्वरित न्याय और सुरक्षा से लेकर उनकी जनसुनवाई के लिए बेहतरीकरण हो इसके लिए प्रदेश सरकार की सुरक्षा स्कीम के तहत 20 पिंक बूथ खोले गए थे। पर सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पिंक बूथ की व्यथा जनसुनवाईयों में सुनने को मिल रही है। कहीं गुलाबी पर्ची मिलने के बाद 15-15 दिन तक सुनवाई नहीं हो रही है, तो कई पिंक बूथ पर मुकदमा दर्ज करवाने के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं कई ऐसे मामले हैं कि कोई भी केस हो हल समझौते वाला ही चल रहा है। सुनने में आया है कि शुरूआत में इसको लेकर लगातार बैठकों और मॉनिटरिंग का सिलसिला चल था लेकिन लंबे समय से मामला ऐसे ही चल रहा है। सुनने में आया है कि आजकल अलग-अलग साहब लोगों के कार्यालय पर होने वाली जनसुनवाई में पिंक बूथ की शिकायतों का सिलसिला अधिक बताया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले कई पिंक बूथ के प्रभारी बदल दिए गए हों, कई पिंक बूथ प्रभारी थाना का गए हो लेकिन मामला ग्राउंड लेवल पर कुछ और ही चल रहा है। बताया जा



रहा है कि पिंक बूथ की शिकायतों का ग्राफ बढ़ रहा है। यही वजह है कि कमिश्नरेट वाले पिंक बूथों की रैंकिंग जारी नहीं की जा रही है। उधर सुत्रों के जरिये सुनने में आ रहा है कि वहीं जिन कोऑर्डिनेटर को यहां हर काम में सहयोग की जिम्मेदारी दी गई थी वह उससे इतर मैनेजमेंट वाले सिस्टम में जुट गई बताई जाती हैं। सिटी और नदियापार की स्थिति तो थोड़ी बेहतर है लेकिन देहात वाले इलाकों के पिंक बूथ का हाल तो खुद अधिकारियों को हकीकत में पता है। बीते कुछ समय पहले ही देहात और सिटी के साहब बदले है, उनको नई कमान मिलने के बाद से पिंक बूथ को लेकर कुछ बैठक चर्चा वाला सीन भी नहीं बना है। वजह यह भी हो सकती है की जनसुनवाई में पिंक बूथ पीछे रहे हैं। वैसे पिंक बूथ को लेकर सोशल मीडिया पर जो प्रचार और प्रसार हुआ था, उसका कितना असर हुआ है, यह तो अधिकारी बेहतर बता सकते हैं, पर अधिकारियों की जनसुनवाई में लगने वाली भीड़ बता रही है कि मामला कहीं ना कहीं डाउटफुल चल रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पिंक बूथ को लेकर कब एक्शन और इसका जनता को लाभ वाला रिएक्शन मिलता है।

# कोलकाता रेप-मर्डर मामले में कैंडल मार्च निकाला

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** कोलकाता में पिछले दिनों एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना को अंजाम दिये जाने के मामले में गुस्साए डाक्टरों व अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने शनिवार को मोदी मंदिर से शहीद चौक राज चौराह तक कैन्डल मार्च व मौन जुलूस निकाला और इस जघन्य अपराध कि कड़े शब्दों में निंदा की। इस कैंडल मार्च में अनेक राजनीतिक व चिकित्सका जगत से जुड़ें चिकित्सक, सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि व अनेक लोग मौजूद रहें। सभी ने घटना की घोर निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई।

# समशान की भूमि को अवैध कब्जा मुक्त करने की मांग



**मोदीनगर करंट क्राइम।** श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भूमि को मुक्त कराकर चारदीवारी कराने की मांग की है। गांव भोजपुर निवासी अंशु शर्मा ने बताया कि दबंगों ने गांव के श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। अब श्मशान घाट की भूमि पर कॉलोनी काटने की तैयारी की जा रही है। गांव भोजपुर के ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर श्मशान की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर चारदीवारी कराने की मांग की है। पत्र पर अंशु शर्मा, संदीप तोमर, वीर सिंह प्रजापति, नीरज शर्मा, बह्म सिंह, सुबोध, अनिल, संजय सहित अन्य ने हस्ताक्षर किए।

# 25 हजार का ईनामी बदमाश पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**लोनी (करंट क्राइम)।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर में वांछित चल रहा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि मूल रूप से रहने वाला लक्ष्मण पुत्र दीवान सिंह मायचा गौतम बुद्ध नगर हाल पता गांव अगरौला लोनी काफी समय से गैंगस्टर में वांछित चल रहा था और फरार था प्रशासन ने लक्ष्मण पर 25 हजार का ईनाम भी रखा था पुलिस लक्ष्मण की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी कि शुक्रवार को मुखबिर ने सूचना दी कि लक्ष्मण अगरौला में ही अपने घर पर है। पुलिस टीम तत्काल लक्ष्मण के घर पहुंची और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर अभियुक्त लक्ष्मणको जेल भेज दिया है।

# डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में मनाया गया रक्षा बंधन उत्सव



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा में रक्षाबंधन के उत्सव व विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। आयोजन में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच का संचालन कक्ष 6 के छात्र विराट द्वारा किया गया। अध्यापिका सोनिया शर्मा ने कहा कि श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को विश्व संस्कृत दिवस का भी आयोजन किया जाता है। छात्रों ने प्रण लिया कि वह प्रतिदिन एक श्लोक का वाचन करेंगे। इसके पश्चात छोटे-छोटे छात्रों ने राखी बनाने की गतिविधि में प्रतिभा किया एवं राखियां बनाई। उत्सव में सभी छात्राओं ने सहपाठी छात्रों एवं वृक्षों को राखियाँ बाँधी एवं सभी ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

# खुले में लघुशंका करने का विरोध करने पर दुकानदार व साथियों पर लोहे की रॉड से हमला



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में जलालापुर मार्ग स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में खुले में लघुशंका करने का विरोध करना एक दुकानदार को काफी महंगा पड़ा। कार सवार युवकों ने दुकानदार व उनके साथी पर लोहे की रॉड से वार कर सिर फाड दिया। गंभीर हालात में दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर की ब्रजविहार कॉलोनी निवासी ब्रजपाल सिंह उर्फ राबिन जलालपुर मार्ग पर गोकुलधाम गेट नम्बर दो पर लक्ष्मी ट्रेडर्स के नाम से दुकान करते है। देर रात वह दुकान पर मनोज व राहुल के साथ बैठे थे। इसी बीच एक कार आकर रुकी। कार से उतरे युवक सड़क पर पड़ी डस्ट पर लघुशका करने लगा। जब ब्रजपाल सिंह ने उसे ऐसा करने से मना किया तो विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि कार से उतरे तीन युवकों ने लोहे की रॉड से वार कर तीनों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। तीनो को गंभीर हालात में गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो युवकों के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक युवक को जबरन रोककर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने दो को नामजद करते हुए रिपार्ट दर्ज कर ली है।

मोदीपोन कालोनीवासी शिवम शुक्ला जब तिबडा फाटक होते हुए घर जा रहे थे। तभी थानान्तर्गत गांव बेगमाबाद निवासी विशाल, मुन्नू व अन्य ने उन्हे जबरन रोककर गाली गलौच देनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर उनके साथ मारपीट की गयी। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

इसके अलावा नंदनगरी निवासी राजनारायण पांडे को भी बस स्टैंड के समीप राधा कलैक्शन सेंटर के पास रोककर मारपीट की गयी। जिसमें नीवेश निवासी फफराना बस्ती व एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग घायल, हालात गंभीर




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में रावली सुराना मार्ग पर टेलीफोन एक्सचेंज के सामने तेज रफ्तार क्रेन ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। गाजियाबाद निवासी 74 वर्षीय आस मोहम्मद शुक्रवार रात को किसी काम से मुरादनगर आए थे। वह रावली सुराना मार्ग पर टेलीफोन एक्सचेंज के सामने सड़क पार कर रहे थे। इसी बीच नगर की और से आ रही तेज रफ्तार क्रेन ने उन पर चढ़ गई। आसपास के लोगों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालात गंभीर होने पर गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है।

# पिता-पुत्र सहित तीन पर किया धारदार हथियार से हमला, रिपोर्ट दर्ज



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की मलिक नगर कॉलोनी में अपने घर बुलाकर दबंगों ने पिता पुत्र सहित तीन लोगों पर धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की मलिक नगर कॉलोनी निवासी शाहिद परिवार सहित रहते है। शाहिद ने बताया कि वह अपने पुत्र आदिल व बहनोई साबिर मलिक के साथ एक पंचायत में शामिल होने के लिए गए थे। वहां पर युनूस व दीन मोहम्मद ने मलिक नगर में अपने मकान पर बुला लिया। बताया जा रहा है कि जब वह बैठे तो चार लोगों ने मिलकर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। हमले में आदिल व साबिर मलिक गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कोलकाता रेप-मर्डर मामला : कई देशों में डॉक्टरों का फूटा गुस्सा

## जारी किया पत्र, बोले- जूनियर डॉक्टर को मिले न्याय

**लंदन।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में देश में चल रही हड़ताल का यूके के डॉक्टर और मेडिकल छात्रों ने भी समर्थन किया। डॉक्टर और मेडिकल छात्रों ने एक पत्र जारी करके जूनियर डॉक्टर को न्याय दिलाने और डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए पहल करने की मांग की है।




इसके अलावा पत्र में घटना को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की निष्क्रियता और ढुलमुल रवैये की निंदा की गई है। लंदन में इंडिया हाउस के बाहर चल रहे विरोध प्रदर्शन के बीच ब्रिटेन के एडिनबर्ग और लीड्स में भी डॉक्टरों ने सभा कर घटना का विरोध किया। डॉक्टरों ने पत्र में लिखा कि जूनियर डॉक्टर के साथ हुई घटना महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और लोगों के प्रति राज्य की लापरवाही को दशार्ती है।

पत्र में लिखा गया है कि सार्वजनिक तौर पर सुरक्षा उपाय न होने का महिलाओं पर असंगत प्रभाव पड़ता है। महिलाएं पहले से ही पितृ सत्तात्मक सामाजिक परिस्थितियों के चलते हाशिये पर हैं। ममता बनर्जी समेत सरकारी नेता सुरक्षित कार्यस्थल मुहैया कराने, न्याय दिलाने और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की बजाय पीड़ित को दोषी बनाकर स्त्री द्वेष जैसी प्रतिक्रियाएं करते रहे। इस घटना से साफ है कि सभी कार्यस्थलों पर सार्वजनिक सुरक्षा उपाय और आतंरिक शिकायत तंत्र को तत्काल लागू करने की जरूरत है।

ब्राइटन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी चिकित्सक डॉ. दीप्ति जैन ने कहा कि हम चिकित्सकों के साथ खड़े हैं। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और यूएई में डॉक्टर सामूहिक तौर पर घटना विरोध कर रहे हैं।

लंदन में 22 अगस्त को पार्लियामेंट स्कवायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास ब्रिटिश भारतीय महिला डॉक्टर घटना को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे।

ट्रेनी डॉक्टर के दुष्कर्म-हत्या की घटना के विरोध में डॉक्टरों का आंदोलन

जानकारी के अनुसार, कोलकाता के लालबाजार स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ 8-9 अगस्त की दरमियानी रात दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। मृतका मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। मामले में देशभर के डॉक्टरों का गुस्सा उफान पर है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की है।

आईएमए ने देश के सभी डॉक्टरों को 24 घंटे के लिए सेवाएं वापस लेने की घोषणा की। वहीं महिला डॉक्टर की हत्या के मामले में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष से सीबीआई ने लगातार दूसरे दिन पूछताछ की।

## महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने को आगे आए ढाका के छात्र

**ढाका।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर लगातार विवाद गहराता जा रहा है। पूरे भारत में डॉक्टर और छात्र सड़क पर उतरकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, अब पड़ोसी देश बांग्लादेश के प्रतिष्ठित ढाका विश्वविद्यालय के छात्र भी अपनी एकजुटता दिखाते हुए विरोध-प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं।

### राजू मूर्तिकला के पास प्रदर्शन

रिपोर्ट के अनुसार, 'आवाज तोलो नारी' के बैनर तले शुक्रवार को ढाका विश्वविद्यालय में राजू मूर्तिकला के पास प्रदर्शन किया गया। भौतिकी विभाग की एक छात्रा रहनुमा अहमद निरेट ने कहा, 'हम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म मामले के बारे में मेडिकल कॉलेज प्रशासन के असहयोग रवैये से अवगत हैं। महिला के रूप में, हम मांग करते हैं कि प्रशासन अधिक से अधिक कानूनी सहायता करे, कानून को सख्ती से लागू करे और तुरंत फैसला सुनाए'

### विरोध-प्रदर्शन कर दिखाई एकजुटता




मानव विज्ञान विभाग की छात्रा आन्या फहमीन ने कहा, 'दुनिया भर में महिलाओं को दुष्कर्म जैसे घिनौने अपराध का सामना करना पड़ता है और हम कोलकाता के आरजी कर अस्पताल मामले में निष्पक्ष जवाबदेही के लिए चल रहे आंदोलन का पूरा समर्थन करते हैं।'

जहांगीरनगर विश्वविद्यालय की छात्रा लमिशा जहां ने कहा, पिछली दुष्कर्म की की घटनाओं में पीड़ितों के नाम सार्वजनिक कर दिए गए, जबकि दोषी अपराधियों के नाम अक्सर छिपे रहते हैं। कभी-कभी इन मामलों को सरकार या सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा दबा दिया जाता है। आत्मसंतुष्टि के दिन खत्म हो गए हैं। हमें महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के अपमान के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।'

### महिलाओं के लिए सुरक्षित देश बनाना जरूरी

वित्त विभाग की एक छात्रा अनिका अरेफिन अनु ने कहा, 'हमें महिलाओं के लिए सुरक्षित देश बनाना है। छात्रों ने बड़े पैमाने पर विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हमें अपनी सरकार को सभी दुष्कर्म के मामलों पर मुकदमा चलाने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मजबूर करना चाहिए।'

गौरतलब है, नौ अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक 31 वर्षीय महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। इससे पूरे भारत में गुस्सा फैल गया।



## डिबेट के लिए ट्रंप की तैयारी करा रही हैं भारतीय मूल की तुलसी गबार्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है और डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में लुभाने में जुटे हैं। इस बीच अब सभी की निगाहें 10 सितंबर को होने वाली डिबेट पर लगी हैं, जिसमें पहली बार डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच मुकाबला होगा और दोनों विभिन्न मुद्दों पर अपनी-अपनी राय पेश करेंगे। खबर आ रही है कि डिबेट के लिए तुलसी गबार्ड, डोनाल्ड ट्रंप की तैयारी करा रही हैं। गौरतलब है कि साल 2019 में तुलसी गबार्ड ने ही कमला हैरिस को एक डिबेट में बुरी तरह से पछाड़ा था।

### डिबेट की तैयारी में जुटे हैं डोनाल्ड ट्रंप

कमला हैरिस के सामने पहले प्रेसिडेंशियल डिबेट को ट्रंप पूरी गंभीरता से ले रहे हैं। ट्रंप चाहते हैं कि जिस तरह से पहली डिबेट में उन्होंने जो बाइडन को पछाड़ा था, उसी तरह से वह कमला हैरिस को बहस में पछाड़कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश करेंगे।

यही वजह है कि ट्रंप डिबेट की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पूर्व डेमोक्रेट सांसद तुलसी गबार्ड इस काम में ट्रंप की मदद कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुलसी गबार्ड, ट्रंप के घर और प्राइवेट क्लब मार ए लागो में पूर्व राष्ट्रपति को डिबेट की तैयारी करा रही हैं।

गबार्ड ने साल 2020 में डेमोक्रेट पार्टी छोड़ दी थी और अब उन्हें ट्रंप समर्थक माना जाता है। कुछ समय तक ये भी चर्चा रही थी कि तुलसी गबार्ड भी ट्रंप की रनिंग मेट हो सकती हैं। हालांकि ये सब अफवाह साबित हुआ। तुलसी गबार्ड को डोनाल्ड ट्रंप को डिबेट की तैयारी कराने के लिए इसलिए चुना गया है क्योंकि साल 2019 में तुलसी गबार्ड ने एक बहस के दौरान कमला हैरिस को बुरी तरह से पछाड़ दिया था और कई मुद्दों पर हैरिस को निरुत्तर कर दिया था। दरअसल 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति पद के दावेदारों में तुलसी गबार्ड और कमला हैरिस का भी नाम था।

> 2019 में डिबेट में कमला हैरिस पर भारी पड़ीं थी तुलसी गबार्ड

इसके चलते डेमोक्रेट प्राइमरी चुनाव के दौरान दोनों के बीच साल 2019 में बहस हुई थी। इस बहस में गबार्ड, कमला हैरिस पर भारी पड़ी थीं। हालांकि बाद में कमला हैरिस और तुलसी गबार्ड दोनों को राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटना पड़ा था।

## मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को झटका

### अमेरिकी अदालत ने कहा- भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को अमेरिकी अदालत से झटका लगा है। दरअसल अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कहा कि उसे भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। इसके बाद तहव्वुर राणा के जल्द भारत प्रत्यर्पित किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। तहव्वुर राणा साल 2008 के मुंबई आतंकी हमले में वांछित है। अमेरिकी अपीलीय अदालत ने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

> तहव्वुर राणा के जल्द भारत प्रत्यर्पित किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। तहव्वुर राणा साल 2008 के मुंबई आतंकी हमले में वांछित है।



**तहव्वुर राणा ने दायर की थी याचिका :** राणा द्वारा दायर अपील पर फैसला सुनाते हुए अमेरिकी अपीलीय न्यायालय के न्यायाधीशों के एक पैनल ने कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट में जिला न्यायालय द्वारा राणा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज करने को सही ठहराया। राणा ने अपनी याचिका में मुंबई में आतंकवादी हमलों में उसकी कथित भागीदारी के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने को चुनौती दी थी। पैनल ने माना कि राणा का कथित अपराध संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आता है।

**अभी भी तहव्वुर राणा के पास प्रत्यर्पण रोकने के विकल्प मौजूद :** तहव्वुर राणा एक पाकिस्तानी मूल का कनाडाई व्यवसायी है, जिस पर मुंबई में आतंकवादी हमले करने वाले एक आतंकवादी संगठन को समर्थन देने का आरोप है। ज्यूरी ने राणा को एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सहायता प्रदान करने और डेनमार्क में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की नाकाम साजिश रचने का दोषी ठहराया। हालांकि राणा के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। भारत में अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए उसके पास अभी भी सभी कानूनी विकल्प खत्म नहीं हुए हैं।

साल 2008 में पाकिस्तान से नाव में आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने करीब 60 घंटे तक मुंबई को बंधक बनाए रखा था। आतंकियों ने इस दौरान 160 से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने नौ आतंकियों को मौके पर ढेर कर दिया था, जबकि एक आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था। जिसे बाद में फांसी दे दी गई थी। मुंबई आतंकी हमले में मरने वाले लोगों में 26 विदेशी नागरिक भी थे।

## हांगकांग में उम्रदराज पांडा ने दिया जुड़वा बच्चों को जन्म

**हांगकांग।** हांगकांग में दस साल के असफल प्रयास के बाद एक विशाल पांडा जुड़वा बच्चों को जन्म देने वाली पहली उम्रदराज पांडा मां बन गई। दोनों बच्चों का जन्म गुरुवार की शाम को हुआ। थीम पार्क ने इसकी तस्वीरें वायरल की। बच्चे हथेली के आकार के और गुलाबी रंग के थे। दोनों बच्चों का वजन 122 ग्राम और 112 ग्राम है। दोनों बच्चे अभी फिलहाल बहुत नाजुक हैं और उन्हें स्थिर होने में समय लगेगा।



थीम पार्क ने एक बयान जारी कर बताया कि पांडा मां को इससे पहले कई बार गर्भपात का सामना करना पड़ा था। बयान में बताया गया कि बढ़ती उम्र के साथ पांडा में प्रजनन की क्षमता कम हो जाती है। विशाल पांडा प्राकृतिक वातावरण में अकेले रहना पसंद करते हैं। उनके पास हर साल केवल एक प्रजनन चरण होता है जो एक से तीन दिनों के लिए रहता है। पांडा को विलुप्त होने से बचाने के लिए चीन दशकों से काम कर रहा है।

## जब गले में तिरंगा डाल इंडिया डे समारोह में पहुंचे बिल गेट्स, अमेरिकी सांसदों के साथ दिखा भारतीय अंदाज

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इंडिया डे के मौके पर माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में समारोह को हरी झंडी दिखाई। सिएटल में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों ने बिल गेट्स का धन्यवाद किया। इस मौके पर अमेरिकी सांसद सुजान के डेलबेने, किम श्रियर और एडम स्मिथ भी वहां मौजूद थे। बिल गेट्स इस समारोह में गले में तिरंगा डालकर पहुंचें।






वॉशिंगटन के लेफ्टिनेंट गवर्नर डेनी हेक और वॉशिंगटन के राज्य सचिव स्टीव हॉब्स भी समारोह में शामिल हुए। लोगों ने भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए बेलेव्यू, टैकोमा, केंट, ऑबर्न, रेंटन, सीटैक, स्नोक्वाल्मी और मर्सर द्वीप के मेयर्स का भी धन्यवाद किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बिल गेट्स का धन्यवाद किया गया। पोस्ट में लिखा था, इंडिया डे समारोह को हरी झंडी दिखाने के लिए बिल गेट्स आपका बहुत धन्यवाद। अमेरिकी सांसद सुजान के डेलबेने, किम श्रियर और एडम स्मिथ के साथ वॉशिंगटन के लेफ्टिनेंट गवर्नर डेनी हेक और वॉशिंगटन के राज्य सचिव स्टीव हॉब्स की भी सराहना करते हैं।

पोस्ट में आगे लिखा था, भारतीय समुदाय के समर्थन में शामिल होने के लिए बेलेव्यू, टैकोमा, केंट, ऑबर्न, रेंटन, सीटैक, स्नोक्वाल्मी और मर्सर द्वीप के मेयर्स को भी धन्यवाद। बता दें कि इंडिया डे परेड 18 अगस्त को दोपहर के 12 बजे से शाम के पांच बजे तक चलेगा।

## दुनिया में तेजी से फैल रहा एमपॉक्स पाकिस्तान में तीन मरीजों की पुष्टि

### भारत अलर्ट, डब्ल्यूएचओ ने संक्रमित मरीजों वाले देशों की सूची जारी की

**विशेष।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दो साल में दूसरी बार एमपॉक्स को वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में बीमारी होने के बाद यह पड़ोसी देशों में फैल गई है।



वायरस के एक नए रूप, क्लैड आईबी ने वैश्विक चिंता पैदा कर दी है। यह तेजी से फैल रहा है और इसके स्ट्रेन के बारे में अभी बहुत कम जानकारी है। यह बीमारी मिलने-जुलने से ज्यादा फैलती है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में एम पॉक्स के दो प्रकार फैल रहे हैं। जिनमें स्थानिक क्लैड और नया क्लैड आईबी, जो यौन संबंधों के माध्यम से अधिक आसानी से फैलता है।

कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संक्रमण के कारण जनवरी 2023 से अब तक 27,000 मामले और 1,100 से अधिक मौतें देखी गई हैं, जिसमें ज्यादातर बच्चे शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संक्रमित मरीजों वाले देशों की सूची भी जारी की है। इनमें स्वीडन, बुरुंडी, केन्या, रवांडा, युगांडा शामिल हैं।

**भारत को भी सावधान रहने की सलाह :** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मंकीपॉक्स को लेकर भारत को भी सावधान हो जाने की जरूरत है।

### पाक में एमपॉक्स वायरस के तीन मरीजों की पुष्टि

पाकिस्तान में पहली बार एमपॉक्स की पहचान हुई है। खास बात यह है कि यह अधिक आसानी से फैल सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एमपॉक्स के फैलाव को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। बताया जा रहा है कि जो लोग इस वायरस से पॉजिटव पाए गए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि तीनों मरीज खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के रहने वाले हैं। खैबर पख्तुनख्वा के स्वास्थ्य सेवा निदेशक जनरल, सलीम खान ने बताया कि दो मरीज संयुक्त अरब अमीरात से आए थे।

## ग्लोबल साउथ समिट में बोले मोहम्मद यूनुस, 'हमारी सरकार स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रतिबद्ध'

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। हालात इतने बदतर हो गए हैं कि देश में अल्पसंख्यकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि इन सबके बीच, देश की कार्यवाहक सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त किया कि वह समावेशी और बहुलवादी लोकतंत्र की स्थापना सुनिश्चित करने तथा ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव कराए जा सकें।

> बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। हालात इतने बदतर हो गए हैं कि देश में अल्पसंख्यकों के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है।



अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार यूनुस ने तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट को संबोधित करते हुए यह बात कही। बता दें, इस कार्यक्रम की मेजबानी भारत ने वर्चुअल तरीके से की थी। 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता ने अपने देश में राजनीतिक उथल-पुथल और पांच अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे का जिक्र करते हुए कहा, 'आप सभी जानते हैं कि बांग्लादेश ने पांच अगस्त को हमारे बहादुर छात्रों के नेतृत्व में और आम जनता के साथ एक बड़े विद्रोह के माध्यम से दूसरी क्रांति देखी।

आठ अगस्त को अंतरिम सरकार द्वारा शपथ लिए जाने पर यूनुस ने कहा, 'हमारी सरकार समावेशी और बहुलवादी लोकतंत्र में बदलाव सुनिश्चित करने और ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें स्वतंत्र, निष्पक्ष और सहभागितापूर्ण चुनाव कराए जा सकें।' यूनुस ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और बर्बरता के बीच अंतरिम सरकार का कार्यभार संभाला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में कहा, 'हमारा काम अब हमारी चुनाव प्रणाली, न्यायपालिका, स्थानीय सरकार, मीडिया, अर्थव्यवस्था और शिक्षा में महत्वपूर्ण सुधार करना है।'

**दीवारों पर बनाए गए चित्र :** उन्होंने आगे कहा, 'मैं आपको जल्द ही ढाका आने के लिए आमंत्रित करता हूं। अन्यथा, आप कुछ महत्वपूर्ण चीजों से चूक सकते हैं। ढाका का अधिकांश हिस्सा दीवारों पर बने चित्र की राजधानी के रूप में बदल गया है। युवा छात्र और 12-13 साल की उम्र के बच्चे इस 400 साल पुराने शहर की दीवारों को नए लोकतांत्रिक पर्यावरण के अनुकूल बांग्लादेश की तस्वीरें बना रहे हैं।'

## 'बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने अनावश्यक बल प्रयोग किया', संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में इसके पुख्ता संकेत

**संरा.।** संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को कहा कि इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर अनावश्यक बल का प्रयोग किया, जिसके बाद भीड़ हिंसक हो गई और प्रदर्शनकारियों ने ढाका की सड़कों पर अपना कब्जा कर लिया।

भीड़ को हिंसक होते देख 76 वर्षीय शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर हेलीकॉप्टर से पड़ोसी देश भारत भाग गईं, जिससे उनके 15 साल के कठोर शासन का नाटकीय अंत हो गया। यूएन ने कहा कि पांच अगस्त को शेख हसीना के अपदस्थ होने से पहले कई हफ्तों तक चले विरोध प्रदर्शनों में 450 से ज्यादा लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने बांग्लादेश में हुई हिंसा पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें यूएन ने कहा,



सुरक्षा बलों ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अनावश्यक और अनुपातहीन बल का प्रयोग किया। इसके मजबूत संकेत हैं, जो आगे की स्वतंत्र जांच की मांग करते हैं।

कथित उल्लंघनों में न्यायेतर हत्याएं, मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां और हिरासत, जबरन गायब करना, यातना और दुर्व्यवहार तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा पर गंभीर प्रतिबंध शामिल हैं। रिपोर्ट में कानून और व्यवस्था की तेजी से बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही आगे की जानमाल हानि, हिंसा और प्रतिशोध की कार्रवाई को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने यूएन जांचकताओं को उनके निष्कासन के साथ हुई हिंसा की जांच करने के लिए आमंत्रित किया है। 84 वर्षीय यूनुस पिछले सप्ताह यूरोप से लौटे हैं और एक अस्थायी प्रशासन का नेतृत्व कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक सुधारों को आगे बढ़ाने की चुनौती का सामना कर रहा है।

## बांग्लादेश की हिंसा में 650 के करीब लोगों की हुई मौत, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि बांग्लादेश में हालिया हिंसा में करीब 650 लोगों की मौत हुई। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि हिंसा, गिरफ्तारियों और न्यायिक हिरासत में मौत की घटनाओं की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने बांग्लादेश हिंसा पर 10 पेज की एक रिपोर्ट तैयार की है।

**यूएन ने शुक्रवार को जारी की रिपोर्ट :** रिपोर्ट के अनुसार, 16 जुलाई से 4 अगस्त के बीच हिंसा में करीब 400 लोगों की मौत हुई। वहीं 5-6 अगस्त को हुई हिंसा में करीब 250 लोगों की जान गई थी, जिसके चलते शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स और आंदोलनकारी संगठनों ने भी जुलाई से अगस्त में आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के दौरान 600 लोगों की मौत की बात कही थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को जिनेवा में यह रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों में प्रदर्शनकारी, मूकदर्शक, पत्रकार और विभिन्न बलों के सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। हिंसा में हजारों की संख्या में लोग घायल भी हुए हैं।

**बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा :** यूएन की रिपोर्ट में ये भी आशंका जताई गई है कि मृतकों का आंकड़ा इससे भी ज्यादा हो सकता है क्योंकि कई इलाकों में कर्फ्यू लगा होने के चलते उन्हें जानकारी इकट्ठा करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकार द्वारा भी अस्पतालों को जानकारी देने से रोका जा रहा है। बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में जून में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के भी आरोप लगे।




# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में जनपद की तीनों तहसील में शनिवार को 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' मनाया गया। मोदीनगर तहसील में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 67 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सीएमओ अखिलेश मोहन, एसडीएम डा.पूजा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

लोनी तहसील में एसडीएम राजेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में 51 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण हुआ। इस मौके पर एसीपी लोनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। सदर तहसील में एसडीएम सदर अरुण दीक्षित की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया जिसमें 33 शिकायतें प्राप्त हुईं और पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। इस दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





## हमारी प्राथमिकता कि हर कार्य समय से हो गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न : डीएम

**करंट क्राइम।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों सहित अन्य शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को पढ़ा और सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि हर एक कार्य को करने में वक्त लगता है। हमारी प्राथमिकता है कि हर कार्य समय से गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो जाए। ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका निराकरण ना किया जा सके। कुछ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में समय लगता है, जिसके लिए धैर्य रखने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने इस दौरान पाया कि कुछ विभागों द्वारा कार्य में उदासीनता बरती जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागाधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि सभी शिकायतों को समयान्तराल, पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।



# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सहयोग फाउंडेशन की 11वीं तिरंगा यात्रा का किया शुभारंभ

**लोनी (करंट क्राइम)।** हर वर्ष की भांति रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शनिवार को सहयोग फाउंडेशन की 11वीं राष्ट्रीय स्वाभिमान तिरंगा यात्रा 2024 का शुभारभ किया गया। लोनी के मदर्स लेप कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में यह आयोजन किया गया। आरएसएस के प्रांत कार्यवाहक शिवकुमार की गरीमामय उपस्थिति के साथ लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, भारतीय किसान संघ प्रांत कोषाध्यक्ष ओमकार त्यागी, मान्यता प्राप्त स्कूल एसोसिएशन ओमपाल राठी, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त स्कूल एसोसियन अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, श्याम सुन्दर, कुलभूषण शर्मा, संदीप सिवाच, विजय बहादुर, टीटू भाटी सभासद, नरेश कुमार का स्कूल प्रबंधक नितिन चौधरी ने पुष्प माला से स्वागत और सत्कार किया।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से आरएसएस प्रांत कार्यवाह शिवकुमार, भारतीय किसान संघ प्रांत कोषाध्यक्ष ओमकार त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, ओमपाल राठी, राजकुमार चौधरी, श्याम सुंदर, कुलभूषण, संदीप सिवाच, नरेश कुमार, संस्था अध्यक्ष विजेन्द्र त्यागी, स्कूल प्रबंधक नितिन चौधरी, प्रधानाचार्य गीता मोरल समेत, अंजलि, जिया, पायल, शिल्पा, प्राची, काजल, विशु, सोनू समेत अनेक माता बहनें और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# सफाई मित्र बहनों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की कलाई पर बांधी राखी

## शहर की स्वच्छता में सफाई मित्र बहनों की अहम भूमिका : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को सफाई मित्र बहनों ने राखी बांधकर रक्षाबंधन त्योहार की शुभकामनाएं दीं तथा नगर आयुक्त ने भी मिठाई तथा उपहार देते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसी क्रम में ब्रह्मकुमारी बहनों ने भी गाजियाबाद नगर आयुक्त को राखी बांधकर शांति और स्वच्छता का संदेश दिया।

### ब्रह्मकुमारी बहनों ने भी नगर आयुक्त को बांधा रक्षा सूत्र

ब्रह्मकुमारी बहनों ने नगर आयुक्त से शहर की स्वच्छता तथा सुंदरता को बनाए रखने के लिए कई विशेष बिंदुओं पर चर्चा भी की तथा स्वच्छता हर जाति वर्ग व सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है संदेश शहर को दिया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सफाई मित्र बहनों से वार्ता भी की गई, उनके परिवार जनों का हाल जाना। शांतिपूर्वक उत्साह पूर्वक त्योहार मनाने के लिए कहा गया तथा कार्य में किसी प्रकार की परेशानी आने पर सीधा संपर्क करने के लिए भी कहा गया। इसी के साथ-साथ नगर आयुक्त ने उनके कार्य स्थल के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली गई। प्रातः किस समय से कार्य शुरू करती हैं और कार्य में किस प्रकार शहरवासियों से समन्वय स्थापित करते हुए शहर को जागरूक कर रही हैं चर्चा की गई। सभी को आदर-सत्कार से सम्मानपूर्वक बात करते हुए रक्षाबंधन के त्योहार को स्वच्छता से जोड़ते हुए वार्ता की गई। शहरवासियों से भी एकजुट होकर स्वच्छ त्योहार बनाने की अपील की गई।



### इस मौके पर पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और पार्षद मनोज त्यागी उपस्थित रहे

राखी के इस त्योहार पर कवि नगर तथा सिटी जोन में अन्य से लगभग 15 सफाई मित्र बहनों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर राखी नगर आयुक्त को बांधी। इस मौके पर सभी जोन की सफाई विभाग की टीम उपस्थित रही। इसी प्रकार ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा लवली दीदी तथा रूपा दीदी ने पवित्र त्योहार की शुभकामनाएं नगर आयुक्त को राखी बांधकर दीं। इस मौके पर पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी पार्षद मनोज त्यागी उपस्थित रहे।

# बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद ने किया रोजगार मेले का

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादनगर गाजियाबाद में 21 अगस्त को प्रातः 9.30 से सायं 4.00 बजे तक लगेगा रोजगार मेला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद ने रोजगार मेले का आयोजन करेगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादनगर गाजियाबाद में 21 अगस्त को प्रातः 9.30 से सायं 4.00 बजे तक यह आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले के निजी क्षेत्र की लगभग 1 से अधिक कम्पनियां 200 से अधिक रिक्ति के सापेक्ष चयन करने हेतु प्रतिभाग कर रही है।

रोजगार मेले में हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर पास अभ्यार्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते हैं। कम्पनियां कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेली कॉलर, सेल्स ऑफिसर, तकनीकी सहायक आदि पदों के लिए भर्ती करेगी। प्रतिभागी अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष होना चाहिए। वेतनमान 10000 से 30000 रु० प्रतिमाह है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने की प्रक्रिया निम्नलिखित है।




(1) **पंजीकरण की प्रक्रिया** : सर्वप्रथम इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय व े ब ा स ा इ ट rojgaarsangam.up.gov.in

जोब सीकर के रूप में स्वयं को पंजीकृत करेंगे। पंजीकरण के समय अभ्यर्थी को उसकी लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। तत्पश्चात अभ्यर्थी प्राप्त आईडी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित फॉर्म भरेंगे। अंतिम पृष्ठ भरने के पश्चात जब अभ्यर्थी सबमिट करेंगे तो उन्हें पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी। यह पंजीकरण संख्या तीन वर्ष तक मान्य होगी। तीन वर्ष के पश्चात 15 दिनों के अन्दर नवीनीकरण करना होगा अन्यथा यह पंजीकरण रद्द हो जायेगा। (पंजीकरण निशुल्क है)

(2) रोजगार मेलें में आवेदन की प्रक्रिया रोजगार हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट Sign Up पर जाकर होम पेज पर "Job Seeker" पर क्लिक करेंगे। उसके पश्चात रोजगार मेला नौकरियों पर जनपद गाजियाबाद में सर्च करेंगे। सर्च आईकॉन पर क्लिक करते ही जनपद गाजियाबाद में रोजगार मेले में शामिल सभी नौकरियों का विवरण उपलब्ध हो जायेगा। योग्यतानुसार नौकरी का चयन कर उसके सामने आवेदन करें पर क्लिक करें।

# एनडीआरएफ गाजियाबाद में धूमधाम से मनाया गया राखी का त्योहार, स्कूली बच्चों ने भी लिया भाग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविन्दपुरम स्थित आठवीं बटालियन एनडीआरएफ में शनिवार को राखी का त्योहार मनाया गया जिसमें विभिन्न संगठनों एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जिसमें वैशाली इंटरनेशनल स्कूल, संकल्प इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल, किड्स बैली पब्लिक स्कूल, स्पर्श स्पेशल स्कूल, योग वेदांत सेवा समिति, लोकविधान सभा समिति, ब्रह्माकुमारी बहनो, राष्ट्रीय व्यापार मण्डल, लायन्स क्लब गाजियाबाद तथा राष्ट्रीय सेविका समिति (आर.एस.एस.) के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बटालियन कमाण्डेट प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी संगठनों एवं स्कूल बच्चों का स्वागत किया सभी ने एनडीआरएफ के अधिकारियों एवं रैस्कयूअर को राखियां बांधी। इस दौरान स्कूली बच्चें काफी उत्सुक एवं खुश नजर आये बच्चियों ने कहा कि आज हम अपने आप को सौभाग्यशाली समझते हैं कि देश के बहादूर एनडीआरएफ के जवानो को राखी बांधने का अवसर प्राप्त हुआ। जवानों ने राखी बांधने के उपरान्त बच्चियों को उनकी व देश की सुरक्षा का वचन दिया।









## एनडीआरएफ की आपदा क्षेत्र में रहती है अग्रणी भूमिका : कमांडेट प्रवीण कुमार तिवारी

**करंट क्राइम।** प्रवीण कुमार तिवारी कमांडेट ने बताया कि एनडीआरएफ में भारत के सभी राज्यों के जवान कार्यरत हैं, जो अपने परिवार से दूर रहकर देश की सेवा में हमेशा व्यस्त रहते हैं, उन्हें अपने घर की कमी महसूस न हो इसलिए बटालियन में सभी त्योहारों को बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। एनडीआरएफ के लिए आज के दिन की सार्थकता और भी बढ़ जाती है। क्योंकि एनडीआरएफ आपदा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका रही है और मानव कल्याण के क्षेत्र में हमेशा तत्पर रहती है। यह बड़े ही उत्साह की बात है कि लोगों द्वारा इन बचावकर्मियों की दीर्घायु और सुरक्षा की कामना की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने बच्चों के साथ सूक्ष्म जलपान कर उनका धन्यवाद किया। इस मौके पर तिवारी ने आए हुए स्कूली बच्चों और समाजसेवी संस्था का एनडीआरएफ के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# डीएलएफ मॉल में आया बम से उड़ाने का मेल, पुलिस ने जगह खाली कर जांच की, डीसीपी बोले- मॉक ड्रिल

**नोएडा।** नोएडा के डीएलएफ मॉल में आज सुबह अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। वजह थी कि डीएलएफ मॉल के बाहर बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड, फायर ब्रिगेड के साथ-साथ पुलिस की कई टीमें पहुंच कर लोगों को बाहर कर रही थी। पता चला कि डीएलएफ मॉल के मैनेजमेंट और कस्टमर केयर के मेल आईडी पर एक मेल आया है। जिसमें लिखा था कि मॉल को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 20 पुलिस ने अपने आला अधिकारियों को मामले में सूचित किया और मौके पर सभी टीम पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक, डीएलएफ मॉल को ईमेल शनिवार सुबह 9:27 पर मिला था। जिसके बाद सूचना मिलते ही मौके पर बम डिस्पोजल स्क्वाड, डीजीपी स्क्वाड, फायर ब्रिगेड समेत पुलिस की कई टीमें पहुंच गई। पूरे मॉल को घेर लिया गया और अंदर मौजूद सभी लोगों को बाहर कर दिया गया। इसके बाद मॉल के एक-एक कोने की गहनता से छानबीन और जांच की गई। मॉल को मेल भेजने वाले ने मेल में लिखा था, बम इन दी बिल्डिंग, यानी



इस मॉल में एक बम लगाया गया है। जिससे कोई भी नहीं बच पाएगा। भागने का कोई रास्ता नहीं है। उसने यह भी लिखा था कि मैं अपनी जिंदगी से नफरत करता हूं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, लगातार कई घंटे की गहन जांच के बाद मॉल को फिर से खोला गया और उसके बाद लोगों की एंट्री दोबारा उसमें शुरू हुई। लेकिन तब तक आसपास के इलाकों में भी इसको लेकर दहशत बनी रही।

नोएडा जोन के डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि यह एक मॉक ड्रिल था और इसे त्योहारों के मद्देनजर किया गया था। आगे भी इस तरीके की मॉक ड्रिल जारी रहेगी। वहीं, थोड़ी देर बाद इस मामले को लेकर नोएडा के ज्वाइंट सीपी ला एंड ऑर्डर शिवहरी मीणा का कहना है कि इस ईमेल की जांच भी की जा रही है।


# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Anurag Deep Kaushik is with Deepak Bhati and 96 others.
2h

वृक्ष मानव जाति ही नहीं संपूर्ण पृथ्वी पर रहने वाले पशु पक्षी जीव जंतु सभी का कल्याण करते हैं इसलिए वृक्ष हमारे लिए बहुत ही महत्व रखते हैं
आओ हम सब मिलकर वृक्ष लगाए
#एकपौधामाँकेनाम #एकपौधाआनेवालिपीढ़ीकेनाम #planta
#savetheplanet #plantsmakepeoplehappy
#Podharopan





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वो पूरी गर्मजोशी के साथ लेकिन पूरी खामोशी के साथ एक हरित क्रांति की और कदम बढ़ा रहे हैं। ये अनुरागदीप कौशिक हैं जो रोजाना पौधे लगा रहे हैं। वो जो पौधे आज लगा रहे हैं वो आने वाली पीढ़ी के लिए वृक्ष बनेंगे। संपूर्ण धरा के कल्याण की सोच लेकर चल रहा है ये अभियान। वो फेसबुक पर भी दिला रहें हैं सबको ध्यान। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।